श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 155, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 4 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# एनसीपी पर अधिकार की लड़ाई तेज

## महाराष्ट्र की सियासतः सुनील तटकरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया; बोले- हम शिंदे सरकार के साथः प्रफुल्ल पटेल



**मुंबईः महाराष्ट्र** में जारी उठापटक के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर अधिकार की लड़ाई तेज हो गई है। एक तरफ शरद पवार ने अजित के साथियों पर कार्रवाई करनी शुरू की तो दूसरी तरफ अजित ने पुराने पुरोधाओं को पद से हटा दिया। इसकी शुरूआत तब हुई, जब शरद पवार ने सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से निकाल दिया। इसके चंद मिनटों के बाद ही अजित गुट ने जयंत पाटिल को राकांपा प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा दिया और सनील तटकरे को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर दिया।

दरअसल, शरद पवार की कार्रवाई के बाद अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने एलान किया कि सुनील तटकरे पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। वे जयंत पाटिल की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पाटिल को पद से हटाए जाने की जानकारी दे दी गई है। विधानसभा स्पीकर को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। प्रफुल्ल पटेल ने यह भी एलान किया कि अनिल भाईदास पाटिल महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के मुख्य सचेतक बने रहेंगे।

विधायक दल के नेता चुने गए अजितः एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि अजित पवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। हमने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को अपने फैसले के बारे में सूचित कर दिया है। हम शरद पवार साहब से हाथ जोड़कर अनुरोध करते हैं कि वह हमें अपना आशीर्वाद दें, क्योंकि वह हमारे गुरु हैं।

पार्टी शिंदे सरकार के साथः उन्होंने कहा कि मैंने कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते अपना काम कर रहा हूं। अब तटकरे ही राज्य में पार्टी संगठन में नियुक्ति और अन्य जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा हमने पार्टी के लिए जो भी जरूरी था, वह बदलाव कर दिए हैं। इसकी जानकारी हमने विधानसभा के स्पीकर को भी दे दी है। अयोग्यता को लेकर पूछे गए सवाल के बारे में उन्होंने कहा कि अयोग्य ठहराने का काम पार्टी या कोई और नहीं कर सकता। यह अधिकार विधानसभा स्पीकर के पास है। इसी के साथ प्रफुल्ल पटेल ने एक बार फिर दोहराया कि वे और उनकी पार्टी शिंदे सरकार के साथ है।

शरद पवार ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्षः अजित पवार

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अजित पवार ने कहा कि एनसीपी के ज्यादातर विधायक हमारे साथ हैं, इसलिए मैं डिप्टी सीएम बना। जब उनसे यह पूछा गया एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन है? इस पर अजित पवार ने कहा कि शरद पवार ही एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस प्रफुल्ल पटेल ने भी कहा कि आज गुरु पूर्णिमा है, हम सभी चाहते हैं कि शरद पवार हमें आशीर्वाद देते रहें।

बॉक्स

जयंत पाटिल और जितेंद्र अव्हाड को अयोग्य घोषित करने की मांग

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि हमारे 9 विधायकों पर कार्रवाई की गई है। इस संदर्भ में हमने जयंत पाटिल और जितेंद्र अव्हाड को अयोग्य घोषित करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को एक आवेदन भेजा है।

शरद पवार ने हटाया, अजित ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया

शरद पवार की कार्रवाई के कुछ देर बाद ही एनसीपी-अजित पवार ने सुनील तटकरे को बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद सुनील तटकरे ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। मैं महाराष्ट्र में पार्टी को मजबूत करूंगा। मैंने पार्टी के सभी नेताओं को विश्वास में लिया है। मैंने सभी विधायकों और जिला परिषद नेताओं की एक बैठक भी बुलाई है।

## नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर महाविकास आघाड़ी में मतभेद

**मुंबई। महाराष्ट्र** में सियासी खेल के बाद विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष को लेकर महाविकास आघाड़ी में मतभेद उभर गया है। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पर दावा किया है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नियुक्ति कर अधिकार उनके पास है, वे संवैधानिक नियमों के तहत इस पद पर नियुक्ति करेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नौ विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद राज्य में राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। इससे पहले विधानसभा में अजीत पवार नेता प्रतिपक्ष थे, लेकिन उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा देकर रविवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसके बाद रविवार को ही देर शाम राकांपा प्रदेश अध्यक्ष ने जीतेंद्र आव्हाड को पार्टी की बैठक के बाद जीतेंद्र आव्हाड को विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष पद पर और चीफ व्हिप पर नियुक्त करने का निर्णय लिया। रविवार को कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने कहा कि विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष संख्या के आधार पर तय किया जाता है। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी के पास ही नेता प्रतिपक्ष के लिए संख्या बल है।

## अजित पवार समेत नौ को अयोग्य ठहराने के लिए विस अध्यक्ष के समक्ष याचिका





**मुंबई। महाराष्ट्र** की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने रविवार को दिन के घटनाक्रम के बाद आधीरात करीब एक बजे विधानसभा (विस) अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आवास का दरवाजा खटखटाया। राकांपा ने उप मुख्यमंत्री अजित पवार सहित नौ विधायकों को सदस्यता के अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की। याचिका में अजीत के साथ मंत्री पद की शपथ लेने वाले आठ अन्य सदस्यों को अपात्र घोषित करने की मांग की गई है। यह याचिका राकांपा नेता जीतेंद्र आव्हाड ने दाखिल की है। आव्हाड ने पत्रकारों को बताया कि कुछ समय पहले अध्यक्ष को अपात्रता याचिका सौंपी है। इसकी एक प्रति ई-मेल से भी भेजी गई है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष को फोन किया। उन्होंने फोन नहीं उठाया। फिर उन्हें मैसेज किया। इसकी एक प्रति व्हाट्स ऐप पर भी भेजी गई है। अपात्रता याचिका व्यक्तिगत रूप से देने की व्यवस्था की गई है।

राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा है कि अजीत पवार सहित नौ विधायकों ने पार्टी के अध्यक्ष को बिना बताए और पार्टी की नीतियों से हटकर मंत्री पद की शपथ ली है। नौ विधायक किसी भी तरह पार्टी के नहीं हो सकते हैं। इन पर कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा गया है। अनुशासन समिति को भी पत्र लिखा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार



**नई दिल्ली। सुप्रीम** कोर्ट ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के लिए धन उपलब्ध कराने में असमर्थता व्यक्त करने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट्स फंड के कारण रुकने नहीं चाहिए। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रोजेक्ट के लिए फंड मुहैया ना कराने पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली सरकार से पिछले 3 साल में विज्ञापनों पर खर्च का विस्तृत ब्योरा देने को कहा। दरअसल, 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर को 500 करोड़ रुपये का योगदान देने का निर्देश देते हुए सरकार से पर्यावरण मुआवजा शुल्क के फंड से यह राशि मुहैया कराने को कहा था। इस पर दिल्ली सरकार द्वारा असमर्थता जाहिर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल सरकार द्वारा पिछले तीन साल में दिए गए।

## कर्ता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन सनातन धर्म की पहचान : योगी



**गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्**वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन ही सत्य एवं शाश्वत है। कर्ता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन ही सनातन धर्म की पहचान है। गुरु पूर्णिमा, गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की इसी पहचान से जुड़ा पावन पर्व है। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा पर्व पर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गुरु की तरह जीवन का व्यावहारिक ज्ञान देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदि गुरु वेदव्यास को स्मरण कर कहा कि महर्षि वेदव्यास जी की जयंती ही गुरु पूर्णिमा के रूप में प्रतिष्ठित है। हमारे वैदिक व धार्मिक ज्ञान को लिपिबद्ध कर कर सर्वसुलभ बनाने में कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास जी का अनिर्वचनीय योगदान है। उन्होंने वेदव्यास जी के साथ ही गुरु गोरक्षनाथ, आदि शंकराचार्य, संत रामानंद, स्वामी निम्बाचार्य, गोस्वामी तुलसीदास आदि का भी स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संतों, महर्षियों ने गुरु की भूमिका निभाते हुए अलग-अलग कालखंड में समाज को विकृतियों से बचाकर समूची मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।

कृतज्ञता के भाव पर शाहजहां ने भी सनातन धर्म की प्रशंसा की थीः मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आश्विन माह में भी पूरा एक पक्ष हम तर्पण के माध्यम से अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। उन्होंने कहा कि बादशाह शाहजहां को जब उसके पुत्र ने कैद कर लिया तब उसने कहा था, सबसे अच्छे तो सनातनी लोग हैं, जो जीते जी अपने माता-पिता की सेवा तो करते ही हैं, मृत्यु के बाद भी तर्पण से उनके प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं।

योगी ने बताईं गुरु की पांच श्रेणियांः मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु की पांच श्रेणियां हैं। ऋषि परंपरा के गुरु, माता-पिता, बड़े भाई, शिक्षा गुरु व दीक्षा गुरु। ये सभी किसी न किसी रूप में हमारा मार्गदर्शन कर हमें जीवन पथ पर आगे बढ़ाते हैं। इनके प्रति सदैव सम्मान व कृतज्ञता का भाव होना चाहिए।

राष्ट्रीयता की संस्कृति से अक्षुण्ण है भारत की पहचानः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीयता की संस्कृति से भारत की पहचान अक्षुण्ण है। यहां अनेक जातियां हो सकती हैं, वेशभूषा, रहन-सहन अलग हो सकता है लेकिन देश के प्रति सबकी भाव भंगिमा एक है। भारत के बारे में जो सोच गोरखपुर के लोग रखते हैं, वही सोच तमिलनाडु और कश्मीर के लोग भी रखते हैं। भारत मजबूत हो, यही सोच हर भारतीय की रहती है। यही सोच हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है।

## 2000 रुपये के 76 फीसदी नोट बैंकों में आए वापसः आरबीआई

**मुंबई/नई दिल्ली। देश में** चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट वापस लेने के निर्णय के बाद 76 फीसदी यानी 2.72 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। इनमें से अधिकांश नोटों को लोगों ने अपने बैंक खाते में जमा कराया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि 30 जून को कारोबारी समय समाप्त होने के बाद चलन में 2,000 रुपये के 84 हजार करोड़ रुपये के नोट रह गए थे। देश के विभिन्न बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दो हजार रुपये के जो नोट वापस आए हैं, उसमें से लगभग 87 फीसदी लोगों ने अपने बैंक खातों में जमा किए हैं, जबकि 13 फीसदी ने अन्य मूल्य के नोट से बदला है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 19 मई को अचानक 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने का निर्णय लिया था। केंद्रीय बैंक ने लोगों से बैंक जाकर 30 सितंबर तक 2,000 रुपये के नोट अपने खातों में जमा करने या दूसरे मूल्य के नोट से बदलने को कहा है।

## लालू, तेजस्वी और राबड़ी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

### सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में नौकरी के बदले जमीन संबंधित कथित घोटाले में आरोप पत्र दाखिल किया



**नई दिल्लीः केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में नौकरी के बदले जमीन संबंधित कथित घोटाले में आरोप पत्र दाखिल किया। चार्जशीट में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देवी सहित कई फर्मों व अन्य लोगों के नाम आरोपी के रूप में शामिल हैं।

सीबीआई ने अपने विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट डीपी सिंह के माध्यम से अदालत को सूचित किया गया है कि मामले में एक नया आरोप पत्र दायर किया गया है। सीबीआई के अनुसार एक आरोप पत्र पहले ही दायर किया जा चुका है क्योंकि कथित कृत्य एक अलग तरीके से किया गया है। अदालत को यह भी सूचित किया गया कि लालू और तीन अन्य के खिलाफ धाराओं पर मंजूरी का इंतजार है।

क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला?

यह कथित घोटाला उस समय हुआ जब लालू प्रसाद कांग्रेस नीत केंद्र की यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह 'डी' पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने तत्कालीन रेल मंत्री प्रसाद के परिवार के सदस्यों को और इस मामले में लाभार्थी कंपनी ह्यएके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेडह्न को अपनी जमीन हस्तांतरित की थी।

## प्राकृतिक खेती को बनाया जा रहा है पाठ्यक्रम का हिस्सा : तोमर

**नई दिल्लीः केन्द्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार कर कृषि शिक्षा में जोड़ा जा रहा है, जो निश्चित रूप से वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप होगा। तोमर ने सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास मधुमास का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) देश में आई, जिसका समावेश कृषि शिक्षा में हो, इसके लिए काफी काम किया गया है, जो विद्यार्थियों के भविष्य को निखारने में बहुत मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने व इनके समाधान के साथ देश-दुनिया की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में किसानों के साथ ही हमारे कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। तोमर ने कहा कि कृषि का क्षेत्र हम सब के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आज हम जिस पड़ाव पर खड़े हुए हैं।

### विभाग की वेबसाइट अथवा विभाग के मोबाइल एप पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा

## उप्र में एक अक्टूबर से होगी धान की खरीद



**लखनऊ। उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार ने सत्र 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीद के संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रदेश के किसानों को धान की बिक्री के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट अथवा विभाग के मोबाइल एप पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। प्रदेश के किसान 31 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट और ऐप पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार रजिस्टर्ड किसान से ही धान की खरीद की जाएगी। वहीं योगी सरकार ने किसानों को कोई प्रॉब्लम न हो, उनकी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800 1800 150 जारी किया है। इसके साथ ही किसान अपने शहर के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए योगी सरकार ने सत्र 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य कॉमन धान के लिए 2183 रुपये प्रति कुंतल एवं ग्रेड ए के धान के लिए 2203 रुपये प्रति कुंटल रखा है।

किसान घर बैठे करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन, भूमि के रकबे के सत्यापन की डिटेलः योगी सरकार ने धान की खरीद के लिए डेट भी जारी कर दी है। सरकार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं बुंदेलखंड में धान की खरीद की तिथि एक अक्टूबर से 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित की है।

## सिसोदिया को झटका, नियमित जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली। दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े ईडी के मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने आदेश दिया। हाईकोर्ट ने 2 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। मनीष सिसोदिया ने अपनी पत्नी की खराब सेहत का हवाला देते हुए दोबारा अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी। अंतरिम जमानत भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इससे पहले 28 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को सिसोदिया ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया मंत्री समूह के मुखिया थे और कैबिनेट के बारे में उनको सारी जानकारी थी।

### खबर संक्षेप

## कर्तव्यों का सही से निर्वहन ना करने पर सचिव निलंबित

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत खाई में तैनात ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार गौतम द्वारा गांव के विकास में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में की गई घोर लापरवाही में कर्तव्यों का सही ढंग से पालन न करने के आरोप में तथा लंबी शिकायतों के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सोमवार को निलंबित कर दिया गया तथा राजकुमार गौतम को विकासखंड जसरा में अटैच कर दिया गया है , तथा इसके पूर्व में अभी विकासखंड करछना के कई सचिव अनियमितता के आरोप में निलंबित चल रहे हैं तथा सचिवों की हस्तांतरण एवं निलंबन की कार्रवाई प्रकिया के कारण विकासखंड करछना में महीनों से ग्राम पंचायतों का विकास कार्य अवरुद्ध है बता दें कि 2 दर्जन से अधिक गांव में महीनों से पंचायत सचिव की कमी चली आ रही है जिसके कारण गांव में विकास का कार्य बाधित चल रहा है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से पति-पत्नी व मासूम बेटी की हुई मौत, चक्काजाम

## आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव, जवाब में पुलिस ने भांजी लाठी

अखंड भारत संदेश





**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के अयोध्या गांव में सड़क हादसे में एक परिवार की पूरी जीवन लीला समाप्त हो गई। पति-पत्नी समेत मासूम बेटी की ट्रैक्टर से कुचल कर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक आकाश (25) पुत्र रामचंद्र निवासी बादपुर थाना मांडा प्रयागराज अपनी पत्नी सोनी देवी व एक वर्षीय मासूम बेटी मुस्कान को लेकर बाइक से पहले अपनी ससुराल गजाधरपुर गया। वहां से वह अपनी पत्नी व बेटी को बाइक पर बैठाकर अपनी नवविवाहित बहन खुशबू की ससुराल अयोध्या जा रहा था कि जैसे ही वह कोरांव ड्रमंडगंज मुख्य मार्ग से अयोध्या गांव की सड़क पर मुड़ा वैसे ही गिट्टी व सरिया लदे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और मौके पर ही कुचलकर पिता आकाश व मासूम बेटी मुस्कान की मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल पत्नी को सीएचसी कोरांव से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही पत्नी सोनी देवी ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया किंतु परिजन एक भी नहीं सुनी। तत्पश्चात नायब तहसीलदार विनोद सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे किंतु उनकी भी परिजनों ने एक भी न सुनी। परिजन मृतक के पिता व अन्य परिजनों को आने तक शव देने से इनकार कर दिया। तीन बजे के आसपास मृतक के पिता समेत अन्य परिजन पहुंचे जहां पुलिस से हुई वार्ता के बाद शव पुलिस जब उठाने लगी तभी आक्रोशित भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पथराव के जवाब में पुलिस ने भी आक्रोशित भीड़ पर लाठियां भांजी। जिससे काफी देर तक तनाव एवं अफरा-तफरी का माहौल रहा। मृतक सोनी एवं आकाश को इकलौती संतान मुस्कान थी। आकाश दो भाइयों में बड़ा था। एक साथ पिता मां एवं पुत्री की मौत से ससुराल एवं मायके पक्ष के लोगों में कोहराम मचा रहा।

# प्राइवेट गाड़ी से आरोपियों को पकड़ने पहुंचे एसओ ग्रामीणों की नोकझोंक

अखंड भारत संदेश




**लालापुर।** लालापुर चौराहे के पास स्थित सब्जी मंडी के पास रविवार की शाम उस समय अफरा तफरी मच गई । जब एक काली स्कार्पियो से पहुंचे लोगो ने सब्जी मंडी की गए दो युवकों को जबरन पिस्टल सटा कर गाड़ी में खींचकर भर लिया । शरेशाम हुई घटना देख लोग सहम गए । तब तक गाड़ी को मोड़कर स्कार्पियो सवार लालापुर चौराहे पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने स्कार्पियो घेर लिया । स्कार्पियो से प्राइवेट वर्दी में उतरे एक शख्स ने अपने को एसओ शंकरगढ़ बताते हुए कहा कि मनोज सिंह हू। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप ऐसे किसी को उठाकर ले जा सकते है आपको लालापुर पुलिस से संपर्क करना चाहिए । पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुई नोकझोंक के चलते दोनो पकड़े गए युवक भी भाग निकले । मामले में एसओ शंकरगढ़ मनोज सिंह ने लालापुर एसओ समेत एसीपी बारा संत लाल सरोज को सूचना दी तो मौके पर पहुंच गए और दोनो पक्षो से अलग अलग बातचीत की । एसीपी संतलाल सरोज ने बताया कि पुलिस दो संदिग्धों को पकड़ने पहुंची थी जिसमें ग्रामीणों वपुलिस के बीच कुछ नोकझोंक हुई है।

## वन सप्ताह : अल्हवा में मनाया गया वन महोत्सव

अखंड भारत संदेश

**कोरांव वन रेंज के ग्राम सचिवालय भवन अल्हवा में वन अधिकारी, प्रधान व ग्रामवासियों ने किया वृक्षारोपण**




**कोरांव।** वन पर्यावरण सप्ताह अंतर्गत वन विभाग द्वारा कोरांव वन रेंज के ग्राम सचिवालय भवन अल्हवा के प्रांगण में वन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें वन विभाग के वनाधिकारी कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान समेत ग्रामवासी मौजूद रहे। वन महोत्सव में देवघाट कोरांव वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में वन दरोगा मथुरा यादव ने वृक्षारोपण किया और गांव वासियों को सम्बोधित कर वन पर्यावरण हित मे जागरूक किया, कहा कि यह महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाता है जिसे 1950 के दशक से पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने वाले आंदोलन का जीवंत उदाहरण माना जाता है। ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी ने कहा कि औद्योगिकरण और शहरीकरण के कारण हरे पेड़ पौधों की कटाई बड़े पैमाने पर की गई जिससे ग्लोबल वार्मिंग वन पर्यावरण असंतुलन की समस्या उत्पन्न हुई है और वनों की कटाई एक गंभीर चिंता का विषय है इसलिए वन महोत्सव सप्ताह का उद्देश्य देश में वनों को उगाने और बचाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को एक साथ लाना है जिस पर बतौर गांव के मुखिया मैं गांव वासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील करता हूं और हमारा लक्ष्य अपनी ग्राम पंचायत मे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाकर सरकार एवं वन विभाग के साथ ही मानव हित मे वन पर्यावरण बचाओ अभियान मे भरपूर समर्थन और योगदान देना है। महोत्सव में गांववासियों के अलावा वन रक्षक आशीष सिंह, वन रक्षक मानवेन्द्र सिंह, वन कर्मी गुलजार अहमद, प्रधान प्रतिनिधि अनस अहमद, ग्राम सदस्य नेहाल अहमद, रोजगार सेवक सूर्यदिन सिंह पटेल, मिश्री पासी पूर्व बीडीसी, बब्बू कोल,मो उमर, फरहान गांधी इत्यादि मौजूद रहें।





# कुएं के अस्तित्व पर संकट, बचाने का नही हो रहा प्रयास

अखंड भारत संदेश

**जारी।** अतीत के धरोहर का अस्तित्व समय के बदलते परिवेश की उपेक्षा के साथ प्रायः समाप्त होने की ओर अग्रसर है जारी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में सिंचित कुओं के लुप्त होने की प्रक्रिया से आम जनमानस काफी चिंतित दिखाई पड़ रहा है। जल सरंक्षण की दिशा में सरकारी स्तर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन सामाजिक एकता का प्रतीक व धार्मिक अनुष्ठानों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली कुआं का अस्तित्व अब मिटने लगा है। आदि काल से ही जलस्त्रोत का सशक्त माध्यम होने वाला कुआं एक जमाने में दरवाजे पर शान -शौकत का प्रतीक माना जाता था। वर्तमान स्थिति यह है कि आमजनों के इसके उपयोग में नहीं लाए जाने तथा उचित देखरेख के अभाव में यह उपेक्षा का शिकार बनकर रह गया है।अधिकांश लोगों का मानना है कि अगर शीघ्र ही सरकारी स्तर से इसके बचाव के लिए सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी कुआं देखने को तरस जाएगी। आपको बता दें कि एक दशक पूर्व जहां प्रखंड क्षेत्र के हर ग्रामीण अंचलों में दर्जनों कुआं दिखता था। वहां अब गिने-चुने कुएं ही नजर आते हैं। इसका अभी भी उपयोग किया जा रहा है। कभी राहगीरों एवं मुसाफिरों के शीतल पेयजल का सहारा होने वाला कुआं का अस्तित्व मिटता जा रहा है।

### न्यूज झरोखा

## गुरु पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम आयोजित




**झूंसी।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को श्री प्रयागराज सेवा फाऊंडेशन द्वारा श्री परशुराम अखाड़ा धाम झूंसी, प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में महंत सुदर्शन महाराज ने भगवान श्री परशुराम जी का पूजन अर्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित लोगों द्वारा गुरु पूजन किया गया। आयोजकों द्वारा उपस्थित लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित करते हुए फाऊंडेशन के संस्थापक त्रिवेणी प्रसाद तिवारी ने सभी के आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर फाऊंडेशन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख आशीष मणि तिवारी, सुरेश कुमार मिश्रा, शत्रुघ्न शुक्ला, राजेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, जीतलाल त्रिपाठी, तरुण मिश्रा, आरएन गोस्वामी, विमलेश पटेल, राजेश पांडेय, शुभम मिश्रा, सत्यम पांडेय, शिवम पांडेय एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा, फाऊंडेशन के प्रवक्ता विवेक कुमार मिश्रा, शिबू पांडेय, राजीव शुक्ला एडवोकेट, मंगला प्रसाद तिवारी पत्रकार, मोहित पत्रकार , महिला जागरण मंच की अध्यक्ष गायत्री पटेल, सविता देवी, अनीता देवी, उमि?ला देवी, रितू श्रीवास्तव, सुधा साहू आदि लोग कार्यक्रम मे मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को पारस फाउंडेशन ने किया वस्त्र वितरण



**प्रयागराज।** परेड ग्राउंड के पास गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पारस फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा परेड ग्राउंड में तंबू लगाकर रहने वाले असहाय परिवारों एवं जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरित किए गए। जिसमें महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों के बीच लगभग 100 से अधिक संख्या में वस्त्रों का वितरण किया गया। बच्चों में नए कपड़े पाकर खुशी की लहर थी साथ ही माताओं एवम पुरुषो ने भी कपड़े लेकर सभी का धन्यवाद किया। बच्चों में बिस्किट भी वितरित किए गए। वस्त्र वितरण में प्रमुख रूप से सुभाष तिवारी, मधुमिता नाथ, अरुण निषाद, शुभेंद्र पांडेय एवं दीप द्विवेदी उपस्थित रहे।

# बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना संभव नहीं: हरिप्रपन्नाचार्य महाराज





अखंड भारत संदेश

**धनूपुर।** गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः अर्थात गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान शंकर है गुरु ही साक्षात परब्रह्म है ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं। यह आस्था सोमवार को राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रयाग के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज जी के सैकड़ों शिष्यों ने अपने गुरु के प्रति गुरू पूर्णिमा के अवसर पर व्यक्त किया। हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया। इस पर्व पर अपने गुरु के प्रति आस्था प्रगट की जाती है तथा विधिवत रूप से गुरु पूजन किया जाता है।इसलिए इस पर्व को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं इस दिन चारों वेदों के रचयिता और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वेद व्यास का जन्म हुआ था। यह पर्व अपने आराध्य गुरु को श्रद्धा अर्पित करने का महापर्व है इस अवसर पर हरिप्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा कथा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को आशीर्वचन देते हुए महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं।उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। इस अवसर पर आशाराम शुक्ला त्यागी, ईश्वर चंद्र शुक्ला, अनुज महाराज, मुन्नू मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, रिंकू आचार्य, मनीष आचार्य, पंकज आचार्य अखिलेश द्विवेदी, राहुल दुबे सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर बच्चों को सिखाया गया योग



**सहसों।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नरई ग्राम सभा स्थित प्राथमिक विद्यालय में योगाचार्य धर्मचंद ने जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे जीवन में माता-पिता के बाद सबसे अधिक यदि किसी का प्रभाव होता है तो वह गुरु का होता है। गुरु वह होता है जो हमारे जीवन के अंधकारों को मिटा कर उसमें ज्ञानरूपी प्रकाश फैला देता है। हमारे गुरु (शिक्षक) ही हमारे श्रेष्ठ मार्गदर्शक होते हैं। जीवन में जिससे भी हम ज्ञान प्राप्त करते हैं कुछ सीखते हैं वह एक प्रकार से हमारा गुरु होता है। कहा जाता है कि भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरु थे। सीखने वाले के लिए ज्ञान की कमी नहीं है वह ज्ञान कहीं से भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि कुत्ता जैसे निरीह प्राणी से भी स्वामी भक्ति सीखी जा सकती है। हमारी संस्कृति में गुरु को ब्रह्मा विष्णु महेश का स्वरूप माना गया है। गुरु की महिमा का वर्णन जितना भी किया जाए उतना ही कम है। सभी बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें, आदर करें। योगाचार्य धर्मचंद्र ने कहा कि माता-पिता एवं गुरू इस धरती के साकार देव हैं जिनका हमें अपने जीवन में सदैव सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम भारतीया ने कहा कि योगाचार्य धर्मचंद जी द्वारा सिखाए गए योग प्राणायाम को यदि बच्चे नियमित रूप से अभ्यास करेंगे तो उनका मन पढ़ाई में लगेगा। आगे उन्होंने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत महत्व है गुरु से हमें ज्ञान प्राप्त होता है। मौके पर विद्यालय के अनिल कुमार यादव, शमा परवीन एवं शालिनी देवी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## गमगीन माहौल में एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा की विदाई



**करछना।** विकासखंड करछना में एडीओ पंचायत पद पर लंबे अरसे से कार्य कर रहे एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा का सोमवार को विकासखंड करछना से मांडा ब्लॉक के लिए स्थानांतरण कर दिया गया जिसको लेकर प्रधान संघ करछना ने एडीओ पंचायत की गमगीन माहौल में फूल माला पहनाकर विदा किया तथा उनके द्वारा विकास खंड में कराएं गये कार्यों तथा उनके सरल स्वभाव की प्रधानों ने प्रशंसा करते हुए उनकी सराहना करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ करछना ब्लॉक से विदा किया गया विदाई समारोह में प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट महामंत्री धीतेश उर्फ धीरू तिवारी प्रधान? चनैनी, परमानंद मौर्या प्रधान खजुरी, विनोद श्रीवास्तव सुनील , चंद्र प्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रधान वह ब्लॉक कर्मी शामिल रहे।

## प्रयागराज-वाराणसी हाईवे की एक लेन 59 दिन तक शिव भक्तों के लिए रहेगा आरक्षित, वाहनों का बदला गया रूट

**प्रयागराज।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर चार जुलाई से 59 दिनों के लिए शास्त्री ब्रिज की एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहेगी। इस दौरान सामान्य वाहनों का आवागमन केवल एक लेन से होगा। उधर, इस अवधि के लिए भारी व कॉमर्शियल वाहनों के लिए अंतरजनपदीय डायवर्जन लागू किया गया है।सावन माह चार जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगा घाटों से जल एकत्र कर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। साथ ही वाराणसी भी जाते हैं। इसको देखते हुए प्रयागराज से वाराणसी तक कांवड़ियों के लिए बाईं तरफ की लेन आरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। सामान्य वाहन दाहिनी लेन से आएंगे और जाएंगे। एसीपी यातायात संतोष सिंह ने बताया कि डायवर्जन लागू कर दिया गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, इसके मद्देनजर पूरी तैयारी कर ली गई है।

**भारी/कॉमर्शियल वाहनों के लिए डायवर्जन** : वाराणसी, भदोही, जौनपुर, मिर्जापुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, रीवा (मप्र) जनपद से प्रयागराज वाराणसी मार्ग से होकर जाने वाले वाहनों के लिए डायवर्जन इस प्रकार से होगा।1. कानपुर की ओर से वाराणसी को जाने वाले वाहन फतेहपुर से लालगंज, रायबरेली, प्रतापगढ़, मछली शहर, जौनपुर, मड़ियाहू के रास्ते जाएंगे तथा वापसी का मार्ग भी यही होगा।2. लखनऊ की ओर से वाराणसी जाने वाले भारी/कॉमर्शियल वाहन रायबरेली, ऊंचाहार, प्रतापगढ़, जौनपुर के रास्ते जाएंगे व इसी मार्ग से वापसी करेंगे।3. प्रतापगढ़ की ओर से वाराणसी जाने वाले वाहन मछली शहर, जौनपुर, मड़ियाहूं के रास्ते जाएंगे और इसी मार्ग से वापसी करेंगे।4. रीवा की ओर से वाराणसी जाने वाले वाहन घूरपुर गौहनिया से मिर्जापुर के रास्ते जाएंगे।5. वाराणसी से कानपुर की तरफ जाने वाले वाहन हंडिया से थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी बाईपास होते हुए कानपुर जाएंगे व जिन वाहनों को प्रयागराज में माल लोड-अनलोड करना है, वह नवाबगंज बाईपास से फाफामऊ, तेलियरगंज, लोकसेवा आयोग होते हुए शहर क्षेत्र में प्रवेश करेंगे।6. रीवा रोड से प्रयागराज होकर लखनऊ/कानपुर जाने वाले वाहन चित्रकूट, बांदा, चौडगरा, फतेहपुर होकर जाएंगे व वापसी का मार्ग भी यही होगा।7. मिर्जापुर से कानपुर/लखनऊ जाने वाले वाहन औराई, भदोही होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जाएंगे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अस्थाई घाट व रास्ते को कराया दुरुस्त

**सिरसा।** नगर पंचायत सिरसा स्थित गंगा फेरी घाट पर बारिश के चलते कीचड़ से लोगों को आवागमन करने तथा गंगा घाट पर स्नान करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सोमवार को गुरु पूर्णिमा के सावन व अधिक मास का महीने शुरू होने को लेकर के अस्थाई घाट को दुरुस्त कराया गया गंगा घाट पर स्नान करने वाले पहुंचने वाले स्नानार्थियों को काफी दिक्कते हो रही थी। कीचड़ के चलते सावन के महीने में घाट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो जिसे लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन कुमार केसरी उर्फ लखन के द्वारा गंगा फेरी घाट पर जेसीबी की मदद से अस्थाई घाट को दुरुस्त कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन कुमार केसरी ने कहा कि हिंदुओं के पवित्र श्रावण मास तथा अधिक मास को देखते हुए गंगा घाट को दुरुस्त कराया गया है जिससे कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस अवसर पर सिंटू सेठ, राणा सेठ, सुशील केसरी कल्लू , राजकुमार केसरी, धीरज अग्रवाल,रवि सभासद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरु तत्व की महिमा से प्रकाशित है संसार और समस्त प्राणी

अखंड भारत संदेश

**परमहंस धाम भइयां में श्रद्धा सहित मनाई गई गुरु पूर्णिमा**

**मेजा।** जो सदमार्ग दिखाए, जो सद्बुद्धि दे और जिसकी कृपा से सद्भाव आए, वह गुरु है। गुरु बिन ज्ञान नहीं होता। गुरु को व्यक्ति नहीं अपितु मार्गदर्शक तत्व के रूप में आत्मसात किया जाना चाहिए?। समस्त जगत इसी एक तत्व से संचालित है?। बच्चा जब जन्म लेता है तब उसे दुग्धपान सिखाना नहीं पड़ता है वरन उसे इसका ज्ञान पहले से होता है। इसी प्रकार मनुष्य को स्वयमेव इस बात का ज्ञान होता है कि क्या उचित है और क्या अनुचित। मनुष्य उचित का अनुसरण और अनुचित का त्याग करता है, तो यह गुरु तत्व की प्रेरणा से ही संभव है। जो ऐसा नहीं कर पाते हैं, उन्हें गुरु की शरण में अवश्य जाना चाहिए...। गुरु पूर्णिमा की पावन बेला पर परमहंस धाम भइयां में उक्त उपदेश ब्रह्मानंद दास जी महाराज जी द्वारा शिष्यों तक पहुंचाय गया।क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और विश्वास सहित मनाया गया। तहसील के फूलपुर भइयां गांव स्थित परमहंस गोपालमणि दास महाराज की तपस्थली में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजन-अर्चन किया। बता दें कि 16वीं से 19वीं शताब्दी के मध्य महाराज जी ने यहां स्थित तपोवन में सवा तीन सौ वर्षों तक तपस्या की थी और आमजन को अपने दिव्य उपदेश से कल्याण का मार्ग दिखाया था। उनके उत्तराधिकारियों के रूप में अब तक क्रमशः नौ महात्मा यहां गुरु परंपरा का अखंड दीप प्रकाशित करते आए। वर्तमान में श्री ब्रह्मानंद दास जी महाराज गुरु आसन पर विराजमान हैं। वह ब्रह्मलीन अनंत दास महाराज के उत्तराधिकारी हैं। यह तपस्थली इन गुरुजनों के तपोबल, करुणा, कृपा और लोक कल्याण को किये गये चमत्कारों के जीवंत प्रमाण से जागृत है।गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट के तरफ से आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरु पूजन किया एवं भजन -कीरंतन के बाद भण्डारे का भी आयोजन हुआ । कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत कोरांव अध्यक्ष ओम केशरी, भारतीय जनता पार्टी कोहड़ार मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता गोविंद प्रसाद मिश्र, पथरा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष जगनायक मिश्र,ब्यापारी युवा संघ पथरा के अध्यक्ष छेदी महाजन, नवचारी किसान फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक राजकुमार मिश्र, जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र,कौशलेश कुमार मिश्र, राजेश्वरी प्रसाद, राजेश सरपंच,अंजू देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी, आदि क?ई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कटका गांव के जय सिंह का हुआ आईएफएस में चयन



**झूंसी।** आईआईटी धनबाद से बीटेक करने वाले जय सिंह कुशवाहा का चयन आईएफएस में हुआ है। जय ने अपनी सफलता का श्रेय पिता डॉ. रामअचन कुशवाहा और मां नीलम को दिया है। रविवार को जय का झूंसी के कटका गांव स्थित घर पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विजय सिंह कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, रामलखन, महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, रवि प्रकाश, शशि प्रकाश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## देवबरा का बेटा एमपी में इंजीनियर बना ग्रामीणों में हर्षोल्लास



**धनूपुर।** देवबरा, पिपरी गांव निवासी मनीष कुमार पांडेय पुत्र स्व. मनोज पांडेय का चयन लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश पुलिस आवास संरचना गृह विभाग भोपाल मे सब इंजीनियर पद पर हुआ है। मनीष के चयन पर परिजनों, ग्रामीणों एवं रिश्तेदारों तथा क्षेत्रीय लोगों ने मनीष को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया एवं हर्षोल्लास व्यक्त करते हुए मिठाई बांट कर खुशी जताई है।

## बाग में आम तोड़ रही युवती के साथ मार पीट, दुष्कर्म का प्रयास

**मऊआइमा।** बाग में आम तोड रही युवती को अकेला देख कर तीन युवकों ने पकड कर छेडखानी करने लगे तथा दुराचार की कोशिश पर युवती द्वारा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। डायल 112 नम्बर के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। युवती ने तीन युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनि एक युवती का आरोप है कि वह आज सोमवार को दोपहर में बाग में आम तोड रही थी। आरोप है कि तभी गांव के तीन युवक पकड कर छेडखानी करने लगे। आरोप है कि बाल पकड घसीट घसीट कर कपडे फाड डाले। आरोप है कि दुराचार की कोशिश किए। शोर मचाने पर परिजनों के पहुंचने के पूर्व मार पीट कर जख्मी कर दिए तथा किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिए। परिजनों के पहुंचने पर भाग गए।

# क्रियायोग आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर विशेष आयोजन संपन्न







**क्रियायोग की अनिवार्य आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए स्वामी जी ने बताया कि वैज्ञानिक ऋषियों-मुनियों ने यह सिद्ध किया है कि क्रियायोग के भक्तिपूर्ण अभ्यास से यह आठ बंधन (घृणा, भय, लज्जा, शोक, निंदा, जाति अभिमान, कुल अभिमान, एवं आत्मदंभ) सहजता से कट जाते हैं**

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पावन पर्व गुरू पूर्णिमा के अवसर पर क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज के आध्यात्मिक प्रागंण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आश्रम स्थित मृत्युजय श्री महावतार बाबाजी वटवृक्ष के नीचे गुरूदेव स्वामी श्री योगी सत्यम द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। परम सत्य की खोज और उसके साथ जुड़ा गुरु-शिष्य संबंध प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति की विशेषता रही है। गुरु-शिष्य की शाश्वत एकता में शिष्य के अन्दर सम्पूर्ण ज्ञान का अभ्युदय होता है और इस अवस्था शिष्य को ब्रह्माण्ड की सभी रचनाओं से अविरल एकता की अनुभूति होती है जिसे कैवल्य (मोक्ष) कहते है। कैवल्य पद प्राप्त करने में आठ बंधन घृणा, भय, लज्जा, शोक, निन्दा, जाति अभिमान, कुल अभिमान एवं आत्मदंभ निरन्तर बाधा पहुँचाते है। क्रियायोग की अनिवार्य आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए स्वामी जी ने कहा कि वैज्ञानिक ऋषियों-मुनियों ने यह सिद्ध किया है कि क्रियायोग के भक्तिपूर्ण अभ्यास से यह आठ बंधन सहजता से कट जाते हैं। क्रियायोग एक ऐसी शिक्षा है जिसके अभ्यास से मानव समस्त प्रकार के कष्टों से अल्पकाल में मुक्त हो जाता है ₹ उक्त विचार क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम ने क्रियायोग के अभ्यास के दौरान व्यक्त किये।स्वामी जी ने आगे कहा कि सभी मानव किसी न किसी धार्मिक अनुसंधानों से जुड़े हैं परंतु राष्ट्र को जो सुख, शान्ति मिलनी चाहिए उसका अभाव है। वैज्ञानिक तरीके से स्पष्ट किया गया कि जिस दिन राष्ट्र के 75 प्रतिशत लोग क्रियायोग ध्यान से जुड़ जायेंगे राष्ट्र का सर्वांगीण विकास स्वतः हो जायेगा। क्रियायोग आश्रम में गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष आवासीय कार्यक्रम का आयोजन 24 जून से चल रहा है जिसका समापन 9 जुलाई को होगा। कार्यक्रम में भारत के सभी प्रदेशों के साथ-साथ कनाडा, अमेरिका, यूरोप, सिंगापूर, ब्राजील आदि देशों से साधकों ने भाग लिया।

# एंबुलेंस में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**करीब 30 मिनट तक बीच सड़क पर एंबुलेंस जलती रही**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के पास चलती हुई एक प्राइवेट एंबुलेंस (UP70 AG 0023) में आग लग गई। देखते देखते ही करीब 30 मिनट के अंदर एंबुलेंस जलकर पूरी एंबुलेंस जलकर राख हो गई। इंजन की तरफ से धुआं निकलते देख जब तक चालक कुछ समझ पाता तब तक पूरी एंबुलेस आग की चपेट में आ गई। एंबुलेंस में चालक समेत 2 लोग सवार थे आग लगते ही दोनों कूदकर किसी तरह अपनी जान बचा पाए। गनीमत यह थी कि एंबुलेंस में उस समय कोई मरीज नहीं था अन्यथा वह भी आग की चर्पेट में आ जाता। चालक ने बताया कि एक मरीज को एंबुलेंस से लेकर वह दूसरे अस्पताल में गया था। मरीज को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने के बाद वह एसआरएन अस्पताल की तरफ लौट रहा थ। तभी एसआरएन अस्पताल के पहले ही सुलभ शौचालय के पास अचानक एंबुलेंस में आग लग गई। लोगों ने बाल्टी से पानी फेंककर किसी तरह से आग पर काबू पाया। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल कैंपस में सैकड़ों की संख्या में प्राइवेट एंबुलेंस खड़ी रहती हैं। इसमें ज्यादातर मारुति वैन हैं। जो 20 साल से भी ज्यादा पुरानी हैं और पूरी तरह से अनफिट हैं। एंबुलेंस होने के कारण इन एंबुलेंस की जांच पड़ताल भी नहीं होती है। अस्पताल से रेफर होने वाले मरीजों या डिस्वार्ज होने वाले मरीजों को यह महंगे किराए पर ले जाते हैं। सरकारी एंबुलेंस की कमी होने के चलते लाचार तीमारदार इन्हीं एंबुलेंस को करता है। जबकि हकीकत यह है कि यह एंबुलेंस मरीजों के जानलेवा भी साबित होता जा रहा है। एंबुलेंस संचालक अमित पांडेय बताते हैं कि एंबुलेंस चालक किसी मरीज को पहुंचाने ले गया था, लौटते समय यह हादसा हुआ।

# गुरु ज्ञान के बिना जीवन अंधकार मय होता है : प्रभाकर महाराज



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस दुबे तालाब में सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया जिसमें कथा व्यास परमहंस स्वामी प्रभाकर महाराज ने गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि किसी भी इंसान के उत्थान में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर जो ले जाता है वह गुरु होता है। शास्त्रों का ज्ञान हो या सांसारिक ज्ञान हर जगह गुरु के बिना समुचित मार्गदर्शन मिलना मुश्किल होता है। स्वामी प्रभाकर महाराज ने कहा कि गुरु से ही ब्रह्म का ज्ञान होता है। गुरु के माध्यम से हम इस सांसारिक मोह माया से छुटकारा पाकर उस जगत नियंता को पा सकते हैं। जिसे हम ईश्वर भगवान आराध्य कहते हैं। जिसके माध्यम से हमारे जीवन का मुक्ति द्वार खुलता है। वह गुरु होता है, इसलिए सभी सनातन धर्मावलंबियों की जिम्मेदारी है कि वह अपना एक गुरु खोजें और उसके बताए गए मार्गों पर चलकर अपने गंतव्य की यात्रा तय करें। गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताते हुए परमहंस प्रभाकर महाराज ने कहा कि सच्चा गुरु सिर्फ सम्मान का भूखा होता है। गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा, गुरु साक्षात परमब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः₹ की व्याख्या करते हुए उन्होंने गुरु भक्ति के बारे में सभी श्रोताओं को बताया।

# डीएम व अपर पुलिस आयुक्त ने कांवड यात्रा के मागों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं अपर पुलिस आयुत्त पवन कुमार ने सोमवार को दशाश्षमेध घाट एवं का्वंड यात्रा के मागों का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं कावंड़ यात्रा से सम्बंधित व्यवस्थाओं के बारे में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने दशास्वमेध घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश, पार्किंग, मोबाइल टॉयलेट चेंजिंग रूम सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने एसीएम चतुर्थ को आज ही दशाश्वमेध घाट प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निरशित किया है। जिलाधिकारी ने घाटों पर गोताखोर, जल पुलिस एवं महिला पुलिस कर्मियों की भी पर्यप्त संख्या में तैनाती सुनिश्रित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने घाटों पर गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेंटिंग एवं संकेतक चिन्ह लगाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने शास्त्री ब्रिज के नीचे सीढ़ियों तथा मार्ग पर साफ- सफाई एवं साइनेज आदि लगाये जाने का निर्देश दिया है। पार्किंग एवं डायवर्जन आदि के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कांवरियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस आयुक्त अंदावा होते हुए हण्डिया रेलवे क्रासिंग एवं उसके बाद कावंड मार्ग का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि कहीं पर भी खुले तार एवं जर्जर तार नहीं होने चाहिए, इसके लिए उन्होंने विद्युत विभाग को प्रमाणपत्र भी दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कावंड मार्ग पर साफ सफाई प्रकाश, चिकित्सा कैम्प सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। अपर पुलिस आयुक्त कुमार ने घाटों एवं मार्गों पर पुलिस की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडे, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह, एडीएम सिटी मदन कुमार, डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ-साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनी में पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि मृतक का शिनाख्त नहीं हो पाया है**





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के सीओडी रोड पर स्थित संजय नगर मोहल्ले में हरिराम की बगिया में सोमवार को एक पेड़ पर एक युवक का लटकता हुआ शव मिलने पर सनसनी मच गई। लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली पुलिस के अनुसार मृतक ने काले रंग का टी शर्ट और लोअर पहन रखा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है इस बारे में चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

## सड़क हादसे में बीडीओ घायल, चालक की मौत

**श्रृंगवेरपुर।** नवाबगंज में सोमवार को बीडीओ की बोलेरो में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो में बैठ खंड विकास अधिकारी घायल हो गए और उनके चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। हादसे में घायल बीडीओ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।चौकी इंचार्ज मंसूराबाद राकेश कुमार के मुताबिक सोमवार शाम को श्रृंगवेरपुर ब्लॉक खंड विकास अधिकारी लीलाधर शुक्ला अपनी बोलेरो से जा रहे थे। मंसूराबाद में उनकी गाड़ी पंचर हो गई। बाईपास के समीप बोलेरो खड़ी करके पंचर बनवा रहे थे। तभी एक अनियंत्रित ट्रक उधर से गुजरा और उनकी बोलेरो में टक्कर मार दी। बोलेरो चालक महेंद्र यादव सड़क किनारे खड़े होकर गाड़ी बनवा रहा था। बीडीओ गाड़ी में बैठे थे। जिसमे बोलेरो पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और ड्राइवर महेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई गाड़ी में बैठे बीडीओ लीलाधर शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।बीडीओ को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची घायल बीडीओ को उपचार के लिए अस्पताल भेजी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गाड़ी को टोचन करके थाना नवाबगंज भेज दिया गया। ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

# झूंसी में फाइनेंस कर्मी का मिला शव

**परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, चाचा बोले कल घर से बाइक से निकला था**



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** झूंसी के गंगोत्री हवेलिया मोहल्ले के रहने वाले युवक का शव महेंद्र प्रताप सिंह पेट्रोल पंप के समीप एक गुमटी के पीछे मिली। शव मिलने के बाद पहुंचे घरवालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। गंगोत्री हवेलिया निवासी संदीप कुशवाहा (34) पुत्र जगन्नाथ कुशवाहा बजाज अलायंस में फाइनेंस का काम करता था। उसके चाचा फूलचंद कुशवाहा ने बताया कि उसकी पत्नी का नाम ममता कुशवाहा है। उसके दो बेटियां हैं। रविवार शाम को करीब 7:00 बजे वह मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। सोमवार को दोपहर में उसकी लाश महेंद्र प्रताप सिंह पेट्रोल पंप के सामने प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर गुमटी के पीछे पड़ी मिली। वहीं पर उसकी बाइक भी पड़ी थी। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। उसके पास मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान कराई गई। उसके बाद घरवालों को खबर दी गई। रविवार की शाम को जब वह घर से निकला तो उसके साथ तीन चार लड़के और थे। जो गायब है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर झूंसी का कहना है कि अभी परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर-के कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली पर विवाद




**अधिवक्ताओं ने घेरा थाना, वकील के भतीजे समेत दो का चालान**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के करछना तहसील के वकीलों ने सोमवार दोपहर से थाने का घेराव किया है। अधिवक्ता दो जुलाई को तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री के भतीजे समेत दो लोगों के खिलाफ सिपाही के साथ अभद्रता को लेकर हुई गिरफ्तारी से नाराज है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि करछना थाने की पुलिस जगह जगह वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से अवैध वसूली कर रही है। विरोध करने पर लोगों से मारपीट और अभद्रता की जाती है। वकीलों के हंगामे की सूचना के बाद एसीपी करछना मौके पर पहुंच गए घंटों हंगामा जारी रहा। यमुनानगर के करछना थाना क्षेत्र के साधु कुटी चराहे पर रविवार शाम को पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी समय उधर से अंगद सिंह पुत्र धीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी हिंदूपुर करछना अपनी मां सुनीता सिंह को लेकर मोटरसाइकिल से निकला। पुलिस वालों ने उसे रोक लिया और गाड़ी का कागजात मांगा। सुनीता सिंह के मुताबिक उनके बेटे अंगद ने सिपाही चंद्रशेखर और होमगार्ड रामकृष्ण को गाड़ी के कागजात दिए। गाड़ी के कागजात लेने के बाद सिपाही ने एक हजार रुपए की मांग की। जब अंगद से मना किया तो सिपाही ने अंगद को थाने चलने के लिए कहा। अंगद ने कहा कि जब उसके डॉक्यूमेंट पूरे है, तो क्यों थाने जाएं। बस इसी बात पर सिपाही गाली गलौज करने लगा। जब अंगद ने विरोध किया तो सिपाही और होमगार्ड मिलकर उसके गाड़ी के कागजात फाड़ दिए और अंगद सिंह को मारने पीटने लगे। मां सुनीता सिंह ने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो पुलिस वालों ने उनके साथ भी अभद्रता की और धक्का दिया। इस दौरान वहां मौजूद करछना तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री हंसराज सिंह के भतीजे सौरभ सिंह पहुंच गए। उन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि इससे पुलिस वाले और बौखला गए। उसी बौखलाहट में सौरभ सिंह के साथ भी मारपीट की और अन्य पुलिस वालों को बुलाकर जबरदस्ती अंगद सिंह और सौरभ सिंह को थाने उठा ले गए। सुनीता सिंह के मुताबिक पुलिस वाले उनके बेटे और सौरव सिंह के खिलाफ फर्जी एफ आई आर दर्ज कर कानूनी रूप से फंसाना चाहते हैं, ताकि उन्होंने जो किया, उस पर पर्दा डाला जा सके। दूसरी तरफ सुनीता सिंह की तरफ से जो तहरीर थानाध्यक्ष करछना के नाम से दी गई। उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसकी जानकारी जब महामंत्री हंसराज सिंह समेत अन्य अधिवक्ताओं को हुई तो 3 जुलाई को दोपहर में करीब 11:30 बजे अधिवक्ताओं ने करछना थाने का घेराव करके नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं का हुजूम देख पुलिस वालों की सांस उखड़ गई। पता चलने पर एसीपी करछना संतोष कुमार मौके पर पहुंच गए। अधिवक्ताओं को शांत कराने का प्रयास जारी रहा और ,लेकिन अधिवक्ता किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं है। दूसरी तरफ इंस्पेक्टर करछना नरेंद्र प्रसाद का कहना है कि जिस सिपाही के साथ मारपीट की गई है। उसने दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी करके उनका चालान किया जा रहा है। इसी बात से अधिवक्ता नाराज हैं और थाने आकर हंगामा कर रहे हैं। बातचीत चल रही है।

# नैनी के महर्षि महेश योगी आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**महापौर ने कहा, वैदिक रीति ही हमे सिखाती है संस्कार,सनातन धर्म की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत जूझते रहे महर्षि**



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के अरैल स्थित महर्षि महेश योगी आश्रम में सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। आश्रम के वैदिक विद्वानों ने गुरु पूजन किया। इस अवसर पर महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि महर्षि महेश योगी ने सनातन धर्म की रक्षा एवं वेद पाठ की ब्राह्मणों को शिक्षा देकर हिंदुस्तान का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। ऐसे महान महापुरुष महर्षि महेश योगी ने पूरे विश्व में सनातन धर्म का प्रचार करते हुए मनुष्य के जीवन को सफल बनाने का भी सरल उपाय बताया। ऐसे हमारे देश में ऋषि मुनि पैदा हुए। जिन्होंने भारत की संस्कृति को विदेशों में विश्व पटल पर सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनेक उपाय किए। ऐसे महान पुरुषों के चरणों में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नमन करता हूं। आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने महापौर गणेश केसरवानी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सर्वप्रथम गुरु पूजन करके गुरुओं द्वारा गुरु परंपरा पूजन के उपरांत मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आचार्य मुखिया आचार्य ऋषि त्रिवेदी, विनय मिश्रा, जितेंद्र दास, काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा सरदार पतविंदर सिंह, पार्षद मयंक यादव, संजय श्रीवास्तव, बबलू पांडे, दीपक पांडे, कार्तिकेय पुरी, शिव शंकर गर्ग, आचार्य जयप्रकाश तिवारी संचालक हेरंब कौशिक आदि वैदिक विद्वान एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# गुरु पूर्णिमा पर हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ ने गंगा मे लगाई आस्था की डुबकी

## भीड़ अधिक होने पर नवाबगंज पुलिस सक्रिय दिखाई दी

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सोमवार को कालाकांकर के पवित्र गंगा नदी मे हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाकर अपने अपने पाप धोकर पुण्य के भागीदार बने स्नान करने के बाद श्रद्धालुओ ने मां गंगा की धूप दीप की आरती किया और गंगातट किनारे स्थिति राधा कृष्ण मंदिर व बूढ़े शिव लिंग मंदिर की पूजन करते हुए भगवान से परिवार के कल्याण के लिए मनोकामना किया। शरारती तत्वों पर नवाबगंज पुलिस अपनी पैनी नजर रखे हुए थी।गंगा का जल स्तर बढ़ने से स्नार्थियों को थोड़ी बहुत स्नान करने मे परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसी क्रम मे मुरस्सापुर सोनामऊ गंगा नदी मे भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने पवित्र गंगाजल मे आस्था की डुबकी लगाई और गंगा तट किनारे शिव लिंग मंदिर व ठाकुर द्वारे मंदिर मे पूजन अर्चन किया। घाट किनारे साफ सफाई व स्नार्थियों के स्नान के लिए ग्राम प्रधान पति मुरस्सापुर सुरेश यादव ने समुचित ब्यवस्था कर रखी थी।



कालाकांकर घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी का गुरु पूर्णिमा पर पूजन का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्य डा० शैलेंद्र योगी उर्फ योगराज सरकार द्वारा मेला ग्राउंड स्थित अपने आवास पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पूजा अर्चना की गई । शिष्य व मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने शंकराचार्य के अनुयायियों से कहा कि गुरु के बिना भव सागर से पार नहीं लगा जा सकता । गुरु द्वारा दिया हुआ ज्ञान हमें भविष्य के लिए तैयार करता है, एक गुरु ही है जो कि जन्म मरण के बन्धन से मुक्त होने का रास्ता बताता है। शिष्य शैलेंद्र योगी के साथ योगिनी निर्मला देवी,अंजू सिंह, सक्षम सिंह योगी, साक्षी समेत तमाम शिष्यों ने शंकराचार्य जी की पूजा-अर्चना की।

## जेसीबी से गिराया घर, एसपी की फटकार पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** एसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने जेसीबी द्वारा शिक्षक का कच्चा मकान जबरिया गिरा देने तथा डराने व धमकाने को लेकर एक नामजद तथा कुछ अज्ञात आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के पहिलेपार निवासी करूणेश कुमार शुक्ला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवक्ता हैं। पीड़ित ने एसपी को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह जून को गांव के विपक्षी महा नारायण शुक्ल उर्फ गोपीनाथ ने कुछ सहयोगियों के साथ उसका गांव में कच्चा मकान जेसीबी से जबरिया गिरवा दिया। पीडित के घर में माता पिता रहते हैं। विरोध करने पर आरोपियो ने परिजनो को डराया धमकाया। पीडित का कहना है कि मामले मे एसडीएम के स्तर पर पुलिस को कार्रवाई के लिए कई बार आदेश दिये जा चुके थे। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नही की। एसपी सतपाल अंतिल ने कोतवाली पुलिस को फटकार लगाते हुए केस दर्ज करने का निर्देश दिया। एसपी की फटकार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## कालाकांकर गंगानदी का जल स्तर लगा बढ़ने

**परियावा प्रतापगढ़।** सावन माह लगते ही कालाकांकर गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने लगा है जिसका पानी राजभवन की तरफ जा रहा है अचानक पानी के बढ़ने से स्नान करने वालो के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा क्योकि सावन व मलमास पड़ने के कारण दो माह तक स्नान का पर्व रहेगा। अचानक गंगा का जल स्तर बढ़ने से स्नान करने वालो मे उदासी दिखाई देने लगी है कि कैसे स्नान होगा अभी तक जल स्तर के न बढ़ने से स्नान करने में लोगो को आनंद मिलता था जो अब नही मिलेगा।

# गुरु की छाया के बिना जीवन में भटकावः शैलेंद्र नाथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुपर्णिमा पर साईं नारायण संस्थान उत्तर प्रदेश बलीपुर के तत्वावधान में आयोजित साईनाथ महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को साई बाबा की धूप व मध्यान्ह आरती की गई। बाबा से प्रार्थना की गई कि वह सबका कल्याण करें। लोगों को नए उत्साह से आनंदमय जीवन जीने की ऊर्जा प्रदान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि गुरु का दर्जा भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरु की शरण ली थी। गुरु के ज्ञान के बिना जीवन अंधेरे में भटकता रहता है। इसलिए जीवन में गुरु की छाया जरूर होनी चाहिए। सोच-विचार कर गुरु जरूर बनाना चाहिए। सद्गुरु साई बाबा अपने शिष्यों व भक्तों का सदा कल्याण करते हैं। उनकी ओर कोई एक पग बढ़ाता है तो वह उसकी ओर सौ पग बढ़ाकर चले आते हैं। कार्यक्रम में संरक्षक शांति मिश्रा, रोशनलाल ऊमरवैश्य, विनोद सिंह, संतोष त्रिपाठी, आचार्य आलोक मिश्र, सीएम त्रिपाठी, संजय खंडेलवाल, विजय कुमार शुक्ल, दिनेश सिंह दिन्नू, राकेश सादवानी, विवेक धींगरा, देवव्रत मिश्र, बब्बू सिंह, धर्मेंद्र देव शुक्ल, चंद्रमौलि सिंह व प्रदीप शुक्ल समेत श्रद्धालु पहुंचे। फूलों से सजाए गए दरबार का कोना-कोना महक रहा था। काफी संख्या में महिलाएं भी बच्चों संग दर्शन को पहुंचीं।



साई महोत्सव के दूसरे दिन हुई बाबा की पूजा अर्चना।

## तहसीलदार न्यायिक अदालतों में सुनें जाएंगे नायब तहसीलदार अठेहा कोर्ट के मुकदमें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की आम सभा में सोमवार को नायब तहसीलदार अठेहा के गैर जनपद स्थानांतरण पर उनके न्यायालय के मुकदमों की सुनवाई अन्यत्र न्यायालय में स्थानांतरण की मांग उठाई गयी। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम उदयभान सिंह से मिलकर पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा। एसडीएम उदयभान सिंह ने वकीलों की मांग पर नायब तहसीलदार अठेहा के वादों की सुनवाई के लिए तहसीलदार न्यायिक की अदालत को अधिकृत किये जाने का परिपत्र जारी किया है। वहीं आम सभा में सिविल के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह की मां के आकस्मिक निधन पर फुल कोर्ट रिफ्रेंस ऑनर दिया गया। इसके तहत वकीलो ने सोमवार को सिविल एवं तहसील अदालतो मे न्यायिक कामकाज से खुद को विरत रखा। सभा का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी एवं उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, प्रमोद सिंह, राजेश द्विवेदी, इरफान, संजय सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, रमेश पाण्डेय, पवन पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, संजय ओझा, शहजाद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, कमलेश तिवारी, टीपी यादव आदि अधिवक्ता रहे। बतादें नायब तहसीलदार अठेहा नंद किशोर शुक्ल का स्थानांतरण इसी पद पर प्रयागराज हो गया है।

## डीएलएड परीक्षा में 554 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, शहर के छह परीक्षा केन्द्रो पर हुई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डीएलएड प्रषिक्षण प्रथम सेमेस्टर वर्ष 2023 की परीक्षा शहर के राजकीय इण्टर कालेज, केपी हिन्दू इण्टर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद इण्टर कालेज तथा पीबी इण्टर कालेज मे सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में बाल विकास तथा द्वितीय पाली में षिक्षण अधिनियम विषयो की परीक्षा हुई।

पहली पाली में कुल 6 परीक्षा केन्द्रो पर 2479 परीक्षार्थियो में 321 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 2501 परीक्षार्थियो में 333 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियो मे पंजीकृत 4980 परीक्षार्थियो में 554 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला षिक्षा एवं प्रषिक्षण संस्थान के विज्ञप्ति के अनुसार शहर के राजकीय इण्टर कालेज में पंजीकृत 750 परीक्षार्थियो ने पहली पाली में 53 और दूसरी पाली में 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केपी हिन्दू इण्टर कालेज में पंजीकृत 800 परीक्षार्थियो में पहली पाली में 78 और दूसरी पाली में 76 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय बालिका इण्टर कालेज में पहली पाली में 194 में 41 तथा दूसरी पाली में 221 में से 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तिलक इण्टर कालेज में पहली पाली में 332 में से 37 और दूसरी पाली में 330 में 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अबुल कलाम आजाद इण्टर कालेज में पहली पाली में 148 में से 34 तथा दूसरी पाली में 130 में से 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार पीबी इण्टर कालेज में 255 में 78 तथा दूसरी पाली 270 में 84 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डायट के अधिकारी परीक्षाकेन्द्रो का निरीक्षण करते रहे।



परीक्षाकेन्द्रो का निरीक्षण करते अधिकारीगण।

# हर हर महादेव व बोल बम से दो माह तक आज से गुंजायमान दिखेगा बाबा धाम

## श्रावण तथा अधिमास मेले की आधी अधूरी प्रशासनिक तैयारियों के बीच आज से होगा भक्ति समागम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में आज मंगलवार से श्रावण माह को लेकर आराधना का शिवमय सुर सई किनारे प्रवहमान हो उठेगा। हालांकि अभी सोमवार तक प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप देने मे प्रशासन को भी कच्छप गति से ही हिलते डुलते देखा गया। सबसे ज्यादा कांवड़िया श्रद्धालुओं के लिए पैदल मानिकपुर व कालाकांकर से कांवड़ लेकर बाबा धाम पहुंचने मे लालगंज कालाकांकर हाइवे पर मुश्किल नजर आयेगी। इस हाइवे पर जगह जगह बने गडढे और फुटपाथ का बह जाना श्रद्धालुओं को नंगे पांव शिव आराधना की साधना की परीक्षा से ही गुजारेगा। लालगंज घुइसरनाथ हाइवे पर छोटी नहर के पास जल जमाव भी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चुनौती अभी भी बनी हुई है। यहां भी गडढे दुर्घटना को पिछले एक सप्ताह से दावत दे रहे हैं। एसडीएम उदयभान सिंह ने लोक निर्माण विभाग की लापरवाही को लेकर सोमवार को जिले के अधिशाषी अभियंता को पत्र भी भेजवाया है। बाबा धाम में लालगंज से धाम पहुंचने के लिए प्रवेश द्वार से डाकबंगला तक ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा निर्मित पिच मार्ग पर तो पैदल चलना भी पांव मे छाले को आमंत्रण देना है। इन जैसी कुछ असुविधाओं के बावजूद सावन माह को लेकर शिव भक्तों का जोश सोमवार की दोपहर से ही दिखने लगा। बाबा धाम में सई के इस पार तथा पैदल सेतु के उस पार भी श्रद्धालुओं का सावन में जमघट रिकार्ड हुआ करता है। प्रशासनिक अनुमान के मुताबिक पिछले सावन में बाबा धाम में सोमवार को एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के जमघट का रिकार्ड तीसरे सोमवार को दो लाख से भी पार हो उठा दिखा था। इस बार अधिमास भी होने के कारण करीब दो महीने बाबा धाम में श्रद्धालुओं का जमघट शिवमय नजारा लिए होगा। रविवार की प्रशासनिक बैठक के बाद बाबा धाम में जरूर साफ सफाई के प्रबन्ध सोमवार को बेहतर दिखे। इसके बावजूद बैरीकेटिंग व नलों के रिपेयर तथा प्रकाश व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक मैराथन जारी तो दिखा पर सिर पर मेले के आगाज के बावजूद तैयारियों की गति जिस तरह से मंद दिख रही है वह अभी श्रद्धालुओं के मन में संशय का माहौल बनाये हुए है। क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के अलावा बाबा धाम में सावन माह में प्रयागराज, कौशाम्बी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर से जिले के भी कोने कोने से श्रद्धालुओं का जलाभिषेक का ताता हुआ करता है। इस बार बाबा के चांदी के अरघे मे विराजने को लेकर श्रद्धालुओं मे बाबा के दर्शन व पूजन का उत्साह कुछ ज्यादा ही बढ़ा देखा जा रहा है।

मंदिर प्रशासन की ओर से इस बार भीड की अधिकता का आकलन कर गर्भगृह में सावन तथा अधिमास में रूद्राभिषेक प्रतिबंधित रखा गया है। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से बाबा के गुम्बज को रंगबिरंगी स्थायी रोशनी की जगमगाहट भी रैन बसेरा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण लिए होगा। सावन व अधिमास से ठीक पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी बाबा के अरघे का चांदी से सौन्दर्यीकरण करा चुकें हैं। इधर सावन व अधिमास को लेकर भगवान शिव की महिमा का बखान जगह जगह होर्डिगों मे भी शिव भक्तों के स्वागत में सोमवार से चमक लिए हुए दिखा। कांवडिया श्रद्धालुओं के लिए कई जगह पेयजल तथा शरबत आदि के प्रबन्धों की भी परम्परागत रूपरेखा पर भी आयोजको द्वारा तैयारियों की सुगमुगाहट तेज हो गयी है। बाबा धाम में आज मंगलवार से अरसे बाद दो माह तक बोल बम तथा हर हर महादेव के शंखनाद के साथ ऊँ नमः शिवाय का मंत्र गुंजायमान होगा।



बाबा घुइसरनाथ जी।

## पागल सियार के हमले से तीन गंभीर रूप से जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील इलाके के धूती गांव में पागल सियार के हमले से तीन लोग घायल हो गए। परिजनों ने घायल को सीएचसी पट्टी लेकर आए जहां पर उनका इलाज कराया गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के धूती गांव के रहने वाले अजब नारायण 58 वर्ष पुत्र राम अभिलाख सोमवार को दिन में 1रू00 बजे घर के पास बैठे थे इसी बीच जंगल की तरफ से सियार आया और हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गए। धूती के बाद पड़ोस गांव में तरदहा गांव में जा पहुंचा जहां पर घर के बाहर खेल रहे आदर्श पुत्र विकास के ऊपर हमलावर हो गया यह देख पिता बचाने के लिए दौड़ा तो काट कर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पागल सियार को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे मार डाले और घायलों का इलाज पट्टी सीएससी में चल रहा है।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** इलाके के रामपुर बेला गांव में नाली के विवाद को लेकर विपक्षियों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी जिससे पीड़ित घायल हो गया और नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव के रहने वाले शीतला प्रसाद चैरसिया पुत्र रामेश्वर चैरसिया का आरोप है कि पानी निकलने के लिए नाली बनाई गई थी जिसे विपक्षियों ने बंद कर दिया। बारिश का पानी न निकलने को लेकर पंचायत बुलाई गई थी बात नहीं बनी देखते ही देखते पड़ोसी अमादा फौजदारी हो गए। पीड़ित किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## गंगा स्नान करके बाइक से घर जा रही महिला की बोलेरो की टक्कर से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के हिमाचल का पुरवा मनार की रहने वाली गुड़िया देवी पत्नी रामपाल चैरसिया (40)वर्षीय अपने मोहल्ले के देवता यादव व धनाऊ की पत्नी अमृतलाल के साथ सोमवार को सुबह पूर्णिमा के पर्व पर मानिकपुर में गंगा स्नान करके बाइक से अपने घर को जा रही थी । रास्ते में एक अज्ञात बोलेरो ने मानिकपुर थाना क्षेत्र के बरवलिया के पास जोर दार टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर में मौके पर गुड़िया देवी पत्नी रामपाल चैरसिया की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी कालाकाकर भेजा बाकी बाइक पर सवार दोनों को हल्की-फुल्की चैट आई। मृतक गुड़िया देवी के दो बेटी एक बेटा है। बेटे का नाम राहुल (15) , बेटी मालती (12), खुशी( 7) वर्षीय हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

## ट्रामा सेण्टर में गंदगी देख भड़के एसडीएम, औचक निरीक्षण से हडकंप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** ट्रामा सेण्टर में मरीजों के भर्ती वार्ड में गंदगी देख सोमवार को एसडीएम नाराज हो उठे। एसडीएम के औचक निरीक्षण से ट्रामा सेण्टर में घंटो हडकंप का माहौल दिखा। लालगंज एसडीएम उदयभान सिंह सोमवार को पूर्वान्ह अचानक ट्रामा सेण्टर पहुंच गये। सावन तथा अधिमास को लेकर एसडीएम ने ट्रामा सेण्टर में चिकित्सा व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने के निर्देश दिये। वहीं औचक निरीक्षण में तकनीकी विशेषज्ञ के अभाव में हेल्थ एटीएम के संचालित न होने पर एसडीएम ने नाराजगी जतायी। उन्होने हेल्थ एटीएम के संचालन को लेकर सीएमओ को पत्र भी लिखा है। वहीं एसडीएम निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेण्टर मे भर्ती मरीजों से उपचार के बाबत जानकारी जुटाने लगे। इस बीच उनकी नजर वार्ड में डस्टबिन में कई दिनों से डम्प इंजेक्शन की खाली सिरेंज तथा शीशियों को देखा तो भड़क गये। एसडीएम ने साफ सफाई को लेकर अस्पताल प्रशासन को जमकर कर्रा किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को पुरूष शौचालय मे ताला लटकता मिला। इस पर भी एसडीएम ने नाराजगी जतायी। एसडीएम ने ट्रामा सेण्टर मे मौजूद चिकित्सकों से मरीजों को बाहर से दवाईयों न लिखे जाने के भी सख्त निर्देश दिये। उन्होने आगाह किया कि यदि मरीज अथवा तीमारदार से इस प्रकार की शिकायत मिली तो दोषी मेडिकल स्टॉफ के खिलाफ डीएम स्तर पर वह कडी कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे। अस्पताल परिसर मे जलभराव देखकर भी एसडीएम ने नगर पंचायत की ईओ को जलनिकासी के प्रबन्ध कराए जाने के फोनिक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मौजूद चिकित्सक डा. सुधाकर ने एसडीएम को वांछित जानकारियां प्रदान की। एसडीएम के औचक निरीक्षण से अस्पताल परिसर में घंटो हडकंप का माहौल दिखा।

# भयहरण नाथ धाम मे सावन व अधिक मास मेला को लेकर हुई प्रशासनिक बैठक

## एस डी एम व सी ओ सदर ने प्रबन्ध समिति व पुलिस प्रशासन के सुव्यवस्था की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भय हरण नाथ धाम में सावन व अधिक मास मेला को लेकर प्रशासनिक बैठक हुई। बैठक से पूर्व मंदिर व मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण एस डी एम शैलेंद्र वर्मा व सी ओ सदर अमर नाथ गुप्त ने जेठवारा कोतवाल अभिषेक सिरोही और धाम के महासचिव समाज शेखर के साथ किया। प्रबन्ध समिति व पुलिस प्रशासन के सुव्यवस्था की समीक्षा करते हुए सी ओ सदर ने अवगत कराया की दो माह तक भयहरण नाथ धाम मे अस्थाई थाना बनाकर सुरक्षा की उत्तम व्यवस्था होगी। वहीं मुख्य मंदिर क्षेत्र मे पूर्व से प्रवेश होगा और पश्चिम से निकास होगा।

### दो माह के लिए स्थाई थाना बनेगा धाम में : पुलिस उप अधीक्षक



पुलिस अधिकारियो से सलाह मसूहरा करते समाजशेखर।

नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह को उत्तम साफ सफाई हेतु शिफ्ट वाईज सफाई कर्मी तैनात करने के निर्देश दिये। पार्किंग, स्टैंड, ट्रैफिक , पेयजल आदि विषयों पर चर्चा कर रणनीति तय हुई। सोमवार व मंगलवार के दिन विशाल मेला लगता है जिसमे भीड़ के दृष्टिगत पूरे तोरइ व दुर्गा गंज की बाग में पार्किंग व्यवस्था व बैरीयर रहेगा। श्रद्धालु और भक्तो की सुविधा हेतु 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था होगी।

दुकानदारो की आई डी की प्रति प्रबंध समिति जमा कराने के निर्देश दिये गए . सोमवार को 2 व मंगलवार को 4 बरिष्ठ पदाधिकारी नियंत्रण कक्ष मे रहकर सहयोग करेंगे उनकी सूची बनाने के निर्देश अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, प्रबंधक बबन सिंह व उप प्रबंधक राज किशोर मिश्र को दिये गए। थानाध्यक्ष जेठवारा अभिषेक सिरोही ने कहा की परिचय पत्र के साथ ही कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। चैकी प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने कहा की हमारी कोशिश है की हम बेहतरीन सेवाये दें सके . बैठक में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आशु सिंह, मुख्य पुजारी भोला नाथ तिवारी, कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र, भानु सिंह, अजय अग्रहरी, आदि प्रबन्ध समिति सदस्य गण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर घर-घर हुई पूजा

**कौशाम्बी।** आषाढ़ पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है भारत देश में आषाढ़ पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है इस दिन लोग घरों में कुल देवता की पूजा करते हैं कुछ लोग अब गुरु की पूजा करने लगे हैं सुबह से ही घर में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं और घर में बनाए गए पकवान कुल देवता को अर्पित कर देश समाज परिवार के कल्याण सुख समृद्धि शांति की कामना की जाती है कौशांबी जिले में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है और इस दिन लोग गंगा यमुना के पवित्र जल में स्नान कर पूजन अर्चन कर देश समाज परिवार के कल्याण सुख समृद्धि वैभव शांति की कामना करते हैं इस बार सोमवार के दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व था सुबह से गंगा यमुना के विभिन्न घाटों में नदी के पवित्र जल में स्नान करने वाले भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

# कौशाम्बी जिले की लगभग 90 प्रतिशत से अधिक सड़के बनने के एक महीने के अंदर ही लगती हैं उखड़ने

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन स्तर से निरीक्षण में लापरवाही के चलते लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों के साठगांठ से विभागीय अधिकारी सरकारी खजाना खाली करने में लगे हैं सड़कें बनाई जाती हैं लेकिन गुणवत्तापूर्ण ना होने के चलते कुछ दिन में ही सड़कों की गिट्टियां उखड़ने लगती हैं जिले के लगभग 90 प्रतिशत से अधिक सड़कों का यही आलम है लेकिन जांच कौन करेगा इन दोषी ठेकेदारों अधिकारियों को दंडित कौन करेगा शासन स्तर से जांच में बड़ी लापरवाही हो रही है जिन्हें जांच में लगाया जाता है वह भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों से हिस्सा वसूल कर मुख्यमंत्री को गुमराह करने में लगे हैं जिससे कौशांबी जिले के लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर ब्याप्त है जिले में बनाए जाने वाली सड़के एक महीने के अंदर उखड़ने लगती हैं जिससे सड़क बनाना या ना बनाना बकवास साबित हो रहा है लेकिन सरकारी खजाना खाली करना है तो ठेकेदारों से सांठगांठ करना है इसी उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ठेकेदारों से सांठगांठ कर सड़क निर्माण मरम्मत का टेंडर निकालते हैं और टेंडर निकालने के बाद

**सड़क मरम्मत का ढकोसला विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से सरकारी खजाना खाली करने में लगे ठेकेदार, मंडलीय और प्रदेश स्तर के अधिकारियों के मॉनिटरिंग में लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित किए जाने की मांग**



सड़क मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने से रकम निकाल लेते हैं सड़क मरम्मत और निर्माण में केवल लीपापोती होती है गुणवत्तापूर्ण सड़के नहीं बनाई जा रही है जिससे सड़कें एक महीने भी नहीं चल पाती हैं गुणवत्ता बिहीन सड़क निर्माण के पीछे विभागीय अधिकारियों के करतूत की कहानी किसी से छिपी नहीं रह गई है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के तेरह मील से सैय्यद सरावा तक एक महीने पूर्व बनाई गई सड़क का है। तेरह मील से सैय्यद सरावा तक एक महीने पूर्व सड़क की मरम्मत निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग ने अमरपाल ठेकेदार को सौंपा था गुणवत्ता विहीन सड़क बनाए जाने की शिकायतें उसी समय लोगों ने अधिकारियों से की थी लेकिन शिकायतों को अधिकारियों ने अनदेखी कर दिया और मानक गुणवत्ता विहीन सड़क बन कर कंप्लीट हो गई सड़क निर्माण मरम्मत कराए जाने को एक महीने का समय भी नहीं बीता बरसात होने के पूर्व ही सड़क की गिट्टियां पूरी तरह से उखड़ने लगी हैं एक महीने के समय में बनाई गई सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं गिट्टियां उखड़ कर सड़क पर बिखर गई हैं लोगों को आने-जाने में फिर दिक्कतें होने लगी हैं बताया जाता है कि अमरपाल नाम के ठेकेदार ने इस सड़क की मरम्मत की है अब विभाग की ओर से किसे सड़क निर्माण मरम्मत का ठेका दिया गया था इस बात को बताने के लिए विभागीय अधिकारी तैयार नहीं है हो सकता है सड़क की मरम्मत पेटी डीलर ठेकेदार ने किया हो जिससे तिहरे कमीशन के चलते सड़क का निर्माण घटिया हुआ है सड़क की गिट्टियां उखाड़ने की शिकायतें शुरू हुई लेकिन उसके बाद ठेकेदार का बाल बांका नहीं हो सका है इलाके के लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लोक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाए जाने निर्माण में लगे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने और सड़क उखड़ने के मामले में ठेकेदारों से टेंडर की रकम की रिकवरी कराए जाने दोषी विभागीय अधिकारियों को निलंबित कर इनके कारनामों की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराए जाने के साथ-साथ नोडल अधिकारियों की भूमिका निभाने वाले मंडल और शासन स्तर पर बैठे मंडलीय और प्रदेश स्तर के अधिकारियों के मॉनिटरिंग में लापरवाही पर इन पर विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित किए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### बढ़ते जलस्तर का सिराथू सीओ ने किया निरीक्षण



**कोखराज कौशाम्बी।** गंगा नदी में बढ़ते जल स्तर का निरीक्षण करने सिराथू सीओ सांदीपन घाट पहुंचे हैं जहां उन्होंने बढ़ते जल स्तर का निरीक्षण किया गुरु पूर्णिमा में गंगा नदी में स्नान कर रहे लोगों को गहरे पानी में न जाने की सलाह दी बारिश के चलते गंगा नदी का लगातार जलस्तर बढ़ता जा रहा हैं जिसको लेकर प्रशासन एलर्ट हैं गुरु पूर्णिमा व सावन को लेकर गंगा नदी घाट का सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया मौके पर कोखराज पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगीं रही जिस पर लगे पुलिस के कर्मचारी लाल साहब,जितेंद्र सिंह, दिलीप कुमार गोड़,सूरज कुमार गोड़ नल आदि मौजूद रहे।

### विश्व प्लास्टिक बैग फ्री दिवस पें छात्रों ने लिया प्लास्टिक के बहिस्कार का संकल्प



**कौशाम्बी।** नगर पालिका नगर पंचायत सरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थानों में विश्व प्लास्टिक बैग फ्री दिवस मनाते हुए लोगों ने प्लास्टिक के बैग का उपयोग न करने की शपथ ली है। इसी क्रम में गंगा प्रसाद साहू इंटर कॉलेज देवीगंज में विश्व प्लास्टिक बैग फ्री दिवस मनाया गया है शिक्षक रोहित तिवारी ने छात्रों को प्लास्टिक बैग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी है उन्होंने बताया कि पशु पक्षी एवं मानव जाति के साथ धरती के लिए प्लास्टिक बेहद खतरनाक है छात्रों ने परिवार के साथ दूसरों को भी प्लास्टिक बैग के बहिष्कार करने का संकल्प लिया प्लास्टिक बहिष्कार कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार साहू,प्रधानाचार्य शैलेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षक गण मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान 117 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

**कौशांबी।** जिले में अन्य दिनों की तरह रविवार के दिन वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया है विभिन्न थाना पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर व्यापक स्तर पर वाहन चेकिंग की गई है वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 117 चार पहिया और दोपहिया वाहनों का ई चालान किया है और वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी है कि वह अभिलेखों को साथ में लेकर वाहन चलाए और चेकिंग के दौरान वाहन के अभिलेख दिखाए।

### शांति भंग के आरोप पर 14 लोगों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा शांति भंग की आशंका पर 14 लोगों पर शांति भंग की धारा में कार्यवाही की है पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने 2 लोगों पर मोहब्बत पुर पैसा कोतवाली पुलिस ने 2 लोगों पर सराय अकिल पुलिस ने 2 लोगों पर पिपरी पुलिस ने 5 लोगों पर करारी पश्चिम सरीरा और कड़ा धाम थाना पुलिस ने एक एक लोगों पर शांति भंग की धारा में कार्यवाही की है।

# जंगल में हो रहे जुआ फड़ पर औपचारिकता तक सीमित रह गई छापामार कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**बीते कई वर्षों से इलाके के दर्जनों गांव के जुआरियों के साथ जुआ की फड़ किसी पौना अद्धा सोनक के संरक्षण में सज रही है**

**दिल्ली तक पहुंचने वाले चर्चित शख्सियत से है जुआ फड़ संचालक के नजदीकी संबंध**

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना इलाके के कजियाना के जंगल में इलाके के चर्चित बदनाम जुआ संचालक के संरक्षण में बेखौफ तरीके से लंबे दिनों से जुआ की फड़ प्रतिदिन सज रही है मामले की शिकायत आला अधिकारियों से हुई जिस पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने जुआ फड़ में छापा मारा लेकिन पुलिस को कोई खास सफलता नहीं मिल सकी जुआ फड़ पर पुलिस की छापामार कार्रवाई औपचारिकता तक सीमित रह गई है पुलिस छापामारी की कार्रवाई होने के पूर्व ही जुआ फड़ संचालक पौना अद्धा सोनक तक भनक लग गई जिससे पुलिस के पहुंचने के पूर्व संचालक कई जुआरियो के साथ जुआ फड़ से निकल जाने में कामयाब हो गया बताया जाता है कि बीते कई वर्षों से इलाके के चर्चित जुआ संचालक पौना अद्धा सोनक के संरक्षण में बड़ा जुआ का खेल हो रहा है जुआ के बड़े धंधे के मामले में थाना पुलिस हमेशा लुका छिपी का खेल खेलती चली आ रही है। जंगल में हो रहे जुआ को पुलिस ने रविवार को पकड़ने की औपचारिकता निभाई है पांच जुआरीयों को पुलिस ने मौके से पकड़ा जुआ की फड़ संचालित करने वाला सरगना फड़दार समेत दर्जनों जुआरी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए हैं कई महीनों से जंगल में लाखो का जुआ हो रहा था सरगना द्वारा नाल निकाली जा रही है पुलिस के छापामार कार्यवाही में मौके से नगदी, मोबाइल बरामद हुआ है लेकिन पुलिस के इस छापामार कार्रवाई की भनक ना लगती तो मौके से दर्जनों बड़े मोबाइल कई बाइक और लाखों रुपए बरामदगी के साथ बड़ा जुआ का खुलासा होना था बताया जाता है कि जुआ की फड़ किसी पौना अद्धा सोनक के संरक्षण में सज रही है जुआरियो से कमीशन के नाम पर प्रत्येक चाल में नाल निकाली जाती है छापामार कार्यवाही के दौरान रकम लगभग डेढ़ लाख रुपये फड़ में बरामद किए जाने की चर्च हैं सात जुवाड़ी पकड़े गए हैं उनके पास से कितना बरामद हुआ है और कितना लेकर छोड़ा गया है थाना पुलिस कुछ बताने को तैयार नहीं है पुलिस ट्विटर में 6 जुआरियों के पकड़े जाने और उनके पास से 2410 रुपए बरामद किए जाने की बात लिखी गई है पकड़े गए जुवाड़ी, सैनी, कछुआ, दारानगर, कड़ा, फरीदगंज, हब्बूनगर, के रहने वाले बताए जाते हैं जिन्होंने अपने जीवन में जुआ खेलना धंधा बना लिया है लेकिन एक बार फिर विभाग के बिभीषन ने पुलिस छापामार कार्यवाही की गोपनीयता संचालक तक लीक करने में सफलता प्राप्त कर ली है विभाग का बिभीषन कौन है जुआ फड़ संचालन करने वाले से उसके क्या रिश्ते हैं उसकी जांच कराए जाने की जरूरत है।

# एक दिन में दो बार हुआ बीएसए का स्थानांतरण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कौशांबी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कौशाम्बी जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण एक दिन में दो बार किए जाने के बाद शिक्षा विभाग में तरह-तरह की चचाएं होने लगी हैं शनिवार को प्रकाश सिंह के स्थान्तरित होने के बाद चन्द्र प्रकाश को बीएसए कौशांबी बनाए जाने की सूची लखनऊ से जारी की गई लेकिन फिर उनका स्थानांतरण उसी दिन कर दिया गया देर शाम दूसरी सूची में चन्द्र प्रकाश की जगह कमलेन्द्र कुशवाहा को कौशांबी जिले में बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है एक ही दिन में दो बार बीएसए के स्थानंतरण से एक बार फिर शिक्षा विभाग सवालो के घेरे में खड़ा दिखाई दे रहा है बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण के मामले में सूबे के शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा एक ही दिन में सुबह से शाम तक अपने आदेश को पलटने वाले शिक्षा विभाग के कारनामों पर योगी सरकार ने संज्ञान लिया तो स्थानांतरण के आड़ में चलने वाले उद्योग धंधों का खुलासा होना तय है और स्थानांतरण के आड़ में उद्योग धंधे चलाने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों का चेहरा बेनकाब होना तय है।



**शासन स्तर से जांच हुई तो उद्योग धंधे चलाने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों का चेहरा बेनकाब होना तय हैं**

# जाहिलो से बदतर कार्ययोजना बनाकर सरकारी खजाना लूटने में लगे हैं पीडब्ल्यूडी इंजीनियर

**अखंड भारत संदेश**

**टेडीमोड कौशाम्बी** कड़ा ब्लॉक के अंदावा मजरा पलटी पुर में बीते कई वर्षों से जल निकासी की समस्या के चलते ग्रामीणों की मांग और नेताओं की सिफारिश पर अंदावा के मजरा पलटी पुर में लोक निर्माण विभाग ने नाली और सड़क निर्माण का कार्य बोते जून महीने में कराया लेकिन कार्य योजना जिस तरह से बनाई गई है कि इंजीनियरों द्वारा बनाई गई कार्य योजना जाहिलो से बदतर कार्य योजना दिखाई पड़ रही है सड़क के साइड में नालियां तो बना दी गई लेकिन नालियों का पानी बह कर कहां जाएगा इस पर इंजीनियरों ने योजना नहीं बनाई है जिससे नाली के पानी का बहाव नहीं हो रहा है और नाली में पानी भरा रहता है गांव के तालाब के पानी की निकासी की व्यवस्था भी नाली निर्माण में नहीं की गई है नाली में गंदा पानी भरा रहने से दुर्गंध उठती है और बीमारियां फैल रही है। लाखों-करोड़ों की सरकारी रकम खर्च करके नाली और सड़क बनाए जाने का नतीजा यह रहा कि गांव में जलभराव की समस्या जैसे की तैसी बनी रह गई है नालियों और सड़क मरम्मत के बाद इतना जरूर हुआ है कि ठेकेदारों से सांठगांठ कर विभागीय अधिकारी सरकारी खजाना खाली करने में सफल हो गए हैं लोगों के घरों के सामने नाली का गंदा पानी पूरे समय भरा रहता है मकानों में जल रिसाव शुरू हो गया जिससे किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता बार-बार लोगों ने विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों से जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की लेकिन जब कार्य योजना ही जाहिलो के स्तर से बनाई गई है तो कैसे समस्या का समाधान विभागीय इंजीनियर करें कहने के लिए तो गांव में नाली का निर्माण हुआ लेकिन पानी की निकासी व्यवस्था नहीं की गई इससे जगह-जगह पानी का जमावड़ा हो गया है एक तरह डिजिटल इंडिया का सपना देख रहे हैं दूसरी तरफ बरसात होते ही पूरा गांव नरक में तब्दील हो गया रास्ते में पानी भरे होने से लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है लेकिन सवाल उठता है कि गलत कार्य योजना बनाने वाले इंजीनियरों के ऊपर शासन और मंडल स्तर से कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे लोक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गलत तरीके से कार्य योजना बनाने वाले इंजीनियरों को निलंबित कर विभागीय जांच कराने की मांग की है।



**लाखों करोड़ो खर्च कर-के बनाई गई नाली में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है शामिल**

**पूरे वर्ष नाली में गंदा पानी भरा रहने से गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे ग्रामीण**

### जुआ खेलते 3 गिरफ्तार

**कौशांबी।** मोहब्बतपुर पाइंसा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते उमेश कुमार ओमप्रकाश धीरेंद्र यादव को जुआ के फड़ से गिरफ्तार किया है पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 720 रुपए नगद और ताश की गड्डी बरामद की है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने जुआरियों को अदालत में पेश कर दिया है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**कौशांबी** सांदीपन घाट थाना पुलिस ने मूरतगंज कस्बे के बसावनपुर मोड़ के पास से तारा सिंह पुत्र करन सिंह निवासी मूरतगंज को आधा किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि पकड़ा गया युवक भांग की दुकान में गांजा की सप्लाई करने जा रहा था पुलिस को सूचना लग गई और पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया है।

### दलित के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के नाज्जी उर्फ नाजिम पुत्र वजीर अली निवासी कूड़ापुर पर दलित के साथ मारपीट करने गाली गलौज करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप था पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी नाज्जी उर्फ नाजिम को रविवार के दिन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश कर दिया है।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**कौशाम्बी** पॉक्सो एक्ट का आरोपी मनीष कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी रामपुर थाना चरवा पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी रविवार को आरोपी मनीष कुमार चरवा पुलिस के हत्थे चढ़ गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद लिखा पढ़ी कर अदालत में पेश कर दिया है।

### दलित पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बसोहरा गांव निवासी मोहम्मद शानू पुत्र समीम उद्दीन ने दलित को गाली गलौज कर उस पर प्राणघातक हमला किया था पुलिस ने दलित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू की रविवार को आरोपी मोहम्मद शानू मंझनपुर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया है।

# पकड़ो ले देकर छोड़ो तक सीमित रह गई महेवा घाट थाना पुलिस

**10 दिन बीत जाने के बाद 18 लाख की चोरी के मामले में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी महेवाघाट थाना पुलिस, इसके पहले भी हुई कई बड़ी चोरियों का खुलासा करने में पुलिस रही नाकाम**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपराधों को रोक पाने में महेवाघाट थाना पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है अपराध की घटनाओं के बाद उनके खुलासे में भी थाना पुलिस की लापरवाही से घटनाओं के खुलासे नहीं हो रहे हैं जिससे अपराधी बेखौफ हैं और लगातार इलाके में घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं थाना पुलिस पूरे दिन अवैध वाहनों से अवैध वसूली में मशगूल है जिससे बीते 4 महीने से क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है लेकिन तमाम बड़ी घटनाओं के खुलासे में थाना पुलिस की सक्रियता नहीं दिखाई पड़ रही है जिससे घटनाओं के बाद उनके साक्ष्य समाप्त कर देने में अपराधी सफल होते दिख रहे हैं आखिर थाना पुलिस का इलाके के अपराधियों के प्रति इतनी लापरवाही बरतने के पीछे क्या कारण है यह आला अधिकारियों की जांच का विषय है लेकिन लगातार लापरवाही बरतने वाले महेवाघाट थाना पुलिस के कारनामों को अधिकारियों ने संज्ञान लेकर इन्हें निलंबित कर विभागीय जांच शुरू नहीं कराई है महेवाघाट थानेदार और थाने के पुलिसकर्मियों के कारनामों की जांच पुलिस आला अधिकारियों द्वारा शुरू कराई गई तो अवैध तरीके से अवैध वसूली और अपराधियों को संरक्षण देने के मामले का खुलासा होना तय हैं जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुमिहयावा बाजार में 21 जून की रात्रि केशव प्रसाद तिवारी के घर में चोरों ने 18 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर नकदी आदि सामान पार कर दिया मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन थाना पुलिस बड़ी घटनाओं के खुलासे के प्रति गंभीर नहीं हुई इलाके में 4 लोगों को थाना पुलिस ने पकड़ा आरोप है कि उनसे मोटी रकम लेकर थाना पुलिस ने छोड़ दिया अलग-अलग चार लोगों को पकड़ने के बाद जांच के दौरान पुलिस को उससे क्या साक्ष्य मिले इस बात का भी खुलासा थाना पुलिस करने को तैयार नहीं है क्षेत्र के निखोदा गांव में मार्च महीने में 35 लाख रुपए की चोरी की घटना को 3 महीने बाद भी पुलिस खुलासे तक नहीं पहुंच सकी है इलाके में अपराधी लगातार अपराध कर रहे हैं और चोरी के सोने चांदी के जेवरात कारोबारी को बेचकर चोर मालामाल हो रहे हैं और चोरी के सोने चांदी के जेवर खरीदने के बाद 2 दिन का समय मिलते ही उन्हें गला करके उनका रूप बदल देने में कारोबार से लगे लोग सफल हो जाते हैं बीते दिनों बड़ी चोरी के खुलासे में एसओजी और महेवाघाट पुलिस ने मंझनपुर के चर्चित कारोबारी को पकड़ा था जिस पर चोरी का सामान खरीदने का आरोप था बताया जाता है कि महेवाघाट थाना पुलिस ने मंझनपुर के चर्चित कारोबारी से लाखों का चांदी का सामान बरामद किया था लेकिन उसके बाद बरामद सामान लेने के बाद पुलिस ने लाखों रुपए अलग से लेकर चोरी का सामान खरीदने वाले कारोबारी को छोड़ दिया है जिससे कारोबारी के संपर्क में रहने वाले लोग फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं चचाओं पर जाए तो इसी कारोबारी के घर चोरी के सोने चांदी के जेवर फिर आसानी से पहुंच रहे हैं घटना को 10 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने कारोबारी के ठिकानों की भी जांच पड़ताल करने की कोशिश नहीं की है इस कारोबारी को पकड़ कर फिर से जांच पड़ताल की जाए तो हो सकता है कुमिहियावा गांव की बड़ी चोरी का खुलासा हो जाए और उसका माल भी बरामद हो जाए लेकिन लगातार लापरवाही बरतने वाली महिला घाट थाना पुलिस की लापरवाही को आला अधिकारियों ने भी संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं की है।

# बढ़े विद्युत बिलों को संशोधन के नाम अफसरों की मूक सहमत पर हो रही वसूली!

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बिजली विभाग में बढ़े विद्युत बिलों को संशोधन के नाम पर बड़ी वसूली का खेल बीते दो दशक से बेखौफ तरीके से बिजली विभाग के जिला तहसील सहित विभिन्न कार्यालयों में चल रहा है विद्युत बिलों को संशोधन में लगे विभागीय कर्मचारी देखते-देखते करोड़ों में खेलने लगे हैं लेकिन अफसर अनजान बनने का ढोंग कर रहे हैं चर्चाओ पर जाए तो कर्मचारियों की अवैध वसूली मे विभागीय अफसर हिस्सेदार हैं अफसरों की मूक सहमत पर पूरे दिन कर्मचारी उपभोक्ताओं से अवैध वसूली करते हैं। जिले में 70 प्रतिशत से अधिक विद्युत उपभोक्ता बढ़े विद्युत बिलों की मुसीबत झेल रहे हैं लेकिन आला अधिकारी मीटिंग में केवल बयानबाजी तक सीमित रह गए हैं विद्युत अधिकारियों के कारनामों को संज्ञान लेकर शासन को अवगत करा कर बिल संशोधन के नाम पर वसूली कराने वाले विद्युत अधिकारियों का निलंबन और बर्खास्तगी की कार्यवाही अभी तक नहीं हो सकी है जिससे पूरे जिले में विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं और बिल संशोधन के नाम पर विभागीय लिपिक की बात मानते हैं और उनकी जेब भर रहे हैं सूत्रों की माने तो विद्युत बिल संशोधन के नाम पर लाखों रुपए प्रतिदिन की वसूली अधिशासी अभियंता मंझनपुर और अधिशासी अभियंता चायल के कार्यालय में संबंधित लिपिक प्रतिदिन बेखौफ तरीके से कर रहे हैं अवैध वसूली रोकने के प्रति भ्रस्टाचार निवारण संगठन ने भी जांच कर कार्रवाई नहीं की है जिसके चलते विद्युत उपभोक्ता परेशान और प्रताड़ित हो रहे हैं बिजली विभाग के कर्मचारियों का यह प्रतिदिन का खेल हो गया है लेकिन आला अधिकारी भी इस मामले में गंभीरता से ठोस निर्णय नहीं कर पा रहे हैं जिससे विद्युत उपभोक्ताओं की मुसीबत कम होती नहीं दिखाई पड़ रही है। तहसील समाधान दिवस चायल में शनिवार को क्षेत्र के जानकी पुर गांव की श्यामकली पत्नी राम सुरेमन पहुची और एसडीएम राहुल देव भट्ट को शिकायती पत्र देकर बताया कि विजली विभाग ने एक किलोवॉट कनेक्शन के 15 महीने का बिल 77 हजार रुपये से अधिक का बकाया विद्युत बिल भेज दिया है शिकायत को सुन एसडीएम ने समाधान दिवस में मौजूद एसडीओ को संशोधन करने का निर्देश दिया उसने बताया कि मार्च 2022 में उसने बिल की अदायगी 2648 रुपये की थी। इसके बाद उसने जब 26 जून को बिल निकलवाया तो बकाए की रकम देख उसके होश उड़ गए। महिला का आरोप है कि विभाग ने 15 माह में उसका बिल 77 हजार 862 रुपये कर दिया है। एसडीएम चायल भी महिला का बिल देख दंग रह गए। यह अकेली महिला विभाग से पीड़ित नहीं है पूरे जिले में विद्युत विभाग के कारनामों के चलते 70 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता बढ़े विद्युत बिल की मुसीबत झेल रहे हैं विद्युत बिल बढ़ाकर भेजने के बाद एक तरफ विभागीय अफसर योगी सरकार को विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाए के प्रति गुमराह कर रहे हैं दूसरी तरफ बिल संशोधन के नाम पर उपभोक्ताओं से बड़ी वसूली हो रही है जो बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक शासन और प्रशासन ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के जरिए विद्युत विभाग के कार्यालयों में लगातार छापेमारी कर वसूली में लिप्त अधिकारियों कर्मचारियों की गिरफ्तारी नहीं कराई है जिससे लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**एक किलोवॉट के कनेक्शन पर विद्युत विभाग भेज रहा है 77 हजार रुपए का विद्युत बिल, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के जरिए विद्युत विभाग के कार्यालयों में छापेमारी कर वसूली में लिप्त अधिकारियों कर्मचारियों की नही हुई गिरफ्तारी**



संपादकीय

# केंद्र के पास मणिपुर में जारी हिंसा को खत्म करने का कोई सुराग नहीं

**मणिपुर** के लिए आगे क्या? यह इस बात पर निर्भर करेगा कि नरेंद्र मोदी के लिए आगे क्या, और भाजपा के लिए आगे क्या? क्या मणिपुर मोदी के कैरियर में एक और कारक होगा जो ऐसा लगता है कि यह उथल-पुथल भरे चरमोत्कर्ष की ओर बढ़ रहा है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी न किसी तरह से हमेशा उन स्थितियों की चाहत में पाये जाते हैं जब उन्हें कार्रवाई में होना चाहिए। पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मणिपुर में रोका और बिना यह पूछे कि मणिपुर के लिए आगे क्या? अयोग्य ठहराये गये पूर्व कांग्रेस सांसद ने कहा, मणिपुर को उपचार की आवश्यकता है- उस रामबाण औषधि की जिसके लिए हिंसा प्रभावित मणिपुरवासी महीनों से तरस रहे हैं। हर जगह, विभिन्न समय क्षेत्रों में और वर्षों से हिंसा से गुजर रहे परेशान लोग सहानुभूति जतायेंगे, लेकिन नई दिल्ली में मौजूद शक्तियां नहीं। हमेशा दोनों तरफ हत्यारे और पीड़ित होते हैं। मणिपुर में कुकी और मैतई दोनों ही उपचार की तलाश में हैं। इसके अलावा सहायता, और सहायता करने वाले हाथ की भी। शिकायत यह है कि राहुल गांधी ने मणिपुर आकर अपना बहुत अच्छा समय बिताया, लेकिन 2014 के बाद भारत के राष्ट्रपिता बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में क्या कहा जाये, वह व्यक्ति जो मणिपुरी लोगों के जीवन में बदलाव ला सकता है, खासकर उन लोगों के जीवन में जो हिंसा के शिकार किए गए,जो इलाज के लिए बेतहाशा चिल्ला रहे हैं, लेकिन जिन्हें इस प्रधान सेवक ने अपने हाल पर छोड़ दिया है, जो सबका साथ, सबका विकास का नारा देते हैं परन्तु प्रयास नहीं करते हैं। प्रश्न बना हुआ है- मणिपुर, आगे क्या? इसे महीनों तक प्रधानमंत्री के दिमाग में घूमना चाहिए था। लेकिन वह इम्फाल में और उसके आसपास सेवा करने के बजाय मिस्त्र के पिरामिडों में ममियों के साथ घूमने-फिरने तथा रणनीतिगत ताना-बाना बनाने में व्यस्त रहे। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर के लिए अजनबी हैं, लेकिन अगर कोई उनसे चूड़ाचांदपुर का उल्लेख करता है तो क्या प्रधानमंत्री बैठेंगे और नोटिस लेंगे? ताजा रिपोर्टों से पता चलता है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेंद्र सिंह इस्तीफा दे सकते हैं, हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया है। यदि वह ऐसा करते भी हैं, तो क्या इससे झगड़ते जनजातियों के बीच युद्धविराम स्थापित करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी? कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चूड़ाचांदपुर जाने से रोका गया और वापस भेज दिया गया। प्रधानमंत्री नहीं आयेंगे, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की मणिपुर सरकार पुलिस को आदेश देगी कि वह राहुल गांधी को हिंसा और अत्यधिक भावनात्मक संकट से पीड़ित लोगों की बात सुनने से रोकें, और उपचार के लिए थोड़ा बहुत कुछ और करें। प्रधानमंत्री को क्या दिक्कत है? वह प्लेग की तरह मणिपुर से क्यों बच रहे हैं? क्या उन्हें केवल अपने नाम की सोने की पट्टिकाएं ही पसंद हैं? मणिपुर के लिए आगे क्या? पिछले कुछ महीनों में लगातार मणिपुर में हुई हिंसा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन को किसी भी अन्य चीज से अधिक पीड़ा होनी चाहिए थी, जो बाइडेन को फ्लोट्स हरा हीरा उपहार में देने और राष्ट्रपति जो बाइडेन को आलिंगन देने की खुशी से अधिक, जो उन्होंने कभी नहीं मांगा था। मणिपुर के मृत और जीवित लोग नहीं भूलेंगे और माफी मांगना अपमान होगा जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मणिपुर के लिए आगे क्या? निश्चित रूप से मणिपुरी उनसे बदला लेंगे, उन लोगों से जिन्हें सही काम करना चाहिए था लेकिन उन्होंने नहीं किया और मणिपुरी हिंसा का शिकार होते रहे। हिंसा से हिंसा पैदा होती है लेकिन बदला मतपेटी से आयेगा। यदि ध्रुवीकरण ही कुंजी है, तो काम पूरा हो चुका है। मणिपुर के लिए आगे क्या? 2024 में जवाब दिया जायेगा, न केवल मणिपुर में, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर में। लोग वोट करके अपना जवाब देंगे। 30 जून को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वविद्यालय की 100वीं वर्षगांठ पर दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया और पुरानी यादों, सहकर्मियों के साथ गपशप की बात की; कौन सी फिल्म शहर में है और कौन सी ओटीटीवेब श्रृंखला सबसे अच्छी थी? स्पष्ट रूप से, मणिपुर और मणिपुर के लिए आगे क्या? प्रधान सेवक के अव्यवस्थित दिमाग की आखिरी बात थी। मणिपुर के लिए आगे क्या? इंतजार कर सकता था। चाहे जो हो, क्या सहयोगी अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री, उस काम की देखभाल नहीं कर रहे थे? आप हर समय प्रधानमंत्री को हाथ में झाड़ू नहीं रख सकते। राहुल गांधी की ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल गांधी की रेटिंग बढ़ी है और उनकी मणिपुर यात्रा से यह दोगुनी हो जायेगी। मोदी-शाह खेमे में घबराहट की वजह से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की एंट्री हुई है। यूसीसी से मेइती और कुकी पर क्या फर्क पड़ेगा, यह कभी नहीं पूछा जायेगा। मणिपुर के लिए आगे क्या? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसे टीवी बहसों में उत्तर के लिए लटका दिया जाता है। लेकिन पूछें यूसीसी के लिए आगे क्या? और हर एंकर के पास उत्तर है! यूसीसी 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी का पुलवामा और बालाकोट है। क्या मतदाता मणिपुर को याद रखेंगे? मणिपुर की घटनाओं ने भाजपा के लिए क्या अच्छा किया है? मणिपुर हिंसा को बेलगाम क्यों फैलने दिया गया? क्या यह अजीब नहीं है कि सांप्रदायिक दंगे हमेशा नरेंद्र मोदी का पीछा करते हैं, तब भी जब वह उपद्रव के आसपास भी नहीं होते। इसके अलावा, राज धर्म के गायब होने का एक छोटा सा मामला हमेशा सामने आता है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्पष्ट रूप से घबराए हुए गुजरात के मुख्यमंत्री से किया था। मणिपुर के लिए आगे क्या? यह इस बात पर निर्भर करेगा कि नरेंद्र मोदी के लिए आगे क्या, और भाजपा के लिए आगे क्या? क्या मणिपुर मोदी के कैरियर में एक और कारक होगा जो ऐसा लगता है कि यह उथल-पुथल भरे चरमोत्कर्ष की ओर बढ़ रहा है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी न किसी तरह से हमेशा उन स्थितियों की चाहत में पाये जाते हैं जब उन्हें कार्रवाई में होना चाहिए।

# राहुल गांधी बने विपक्ष की आवाज

शकील अख्तर



**हिंसा** कोई पसंद नहीं करता। सिवाय विभाजन की राजनीति करने वालों के। हिंसा की आग वह है जो किसी को नहीं बख्शती। विभाजन की राजनीति अगर शुरू हो जाए तो वह विभाजन को बढ़ाती चली जाती है। केवल हिन्दू-मुसलमान तक सीमित नहीं रहती। वह दलित, पिछड़ों आदिवासियों, महिलाओं के खिलाफ भी उतनी ही नफरत से काम करती है। 9 साल में पहली बार कांग्रेस के हाथ में पत्ते आए हैं। अब उन्हें अच्छी तरह खेलना या बाजी खराब कर देना खुद उसके हाथ में है। यह साल कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। साल का पूर्वार्ध (पहला हिस्सा) राहुल के नाम रहा। राहुल की यात्रा, लोकसभा में उनका अडानी पर जोरदार हमला, जिसका खासतौर पर लालू जी ने पटना की विपक्षी एकता की मीटिंग में जिक्र किया। उसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता छीनना, मकान खाली करवाना, बहुत सफल अमेरिका यात्रा, विपक्ष का एक होने पर तैयार होना, पटना मिटिंग और उसमें राहुल का आकर्षण का केन्द्र बनना और अभी सारे खतरों की चेतावनियों को नजरअंदाज करके मणिपुर जाना। साल के पूर्वार्ध के बाद उत्तरार्ध ( साल का आखिरी हिस्सा)को भी ऐसे ही जाना है। पांच राज्यों के चुनावी नतीजों के साथ। यह साल राहुल का बन रहा है। पहली बार है कि मोदी सरकार, भाजपा, गोदी मीडिया राहुल की बहुत मेहनत और हजारों करोड़ रुपए खर्च करके बनाई पप्पू छवि को भूलकर यह बताने में लगा है कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन जाएंगे तो क्या हो जाएगा। मनोविज्ञान में इसे कहते हैं कि आप चाहते नहीं हो मगर आपको लगता है कि यह हो जाएगा। आप भयदशा में चले जाते हैं। वही स्थिति है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जिन्हें मीडिया चाणक्य के रूप में प्रचारित करती है वह कह रहे हैं कि राहुल अगर प्रधानमंत्री बन गए तो यह हो जाएगा वह हो जाएगा। मतलब अब उन्हें राहुल के प्रधानमंत्री बनने की संभावना दिखने लगी है। इसी तरह मीडिया सर्वे करवा रहा है कि प्रधानमंत्री कौन? राहुल या मोदी? मतलब अब यह सवाल उनका खुद ही खत्म हो गया है कि मोदी के मुकाबले कौन? अमित शाह से लेकर मीडिया सबने मान लिया कि मुकाबला राहुल से हैं। इसी तरह विपक्ष की पटना बैठक में भी जिस तरह सभी विपक्षी नेताओं ने राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ की वह बताता है कि सबको भरोसा हो गया कि यह यात्रा मंजिल तक पहुंचाएगी। राहुल में वह क्षमता है, हिम्मत है कि वह 2024 में तख्ता पलट सकता है। राहुल से लगाई जा रही यह उम्मीदें कितनी सच साबित होंगी इसका पता भी इसी साल चल जाएगा। इस साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। असली सेमीफाइनल। तीन राज्यों में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा का है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़। प्रधानमंत्री मोदी तीनों जगह हो आए हैं। जैसा कर्नाटक में लड़ा था वैसे ही इन तीनों राज्यों में भी मोदी खुद ही चुनाव लड़ेंगे। कर्नाटक में वे हार गए थे। इसलिए इस बार उन्होंने चार महीने पहले से चुनाव अभियान शुरू कर दिया है। मुद्दा वही हिन्दू-मुसलमान है। यूनिफार्म सिविल कोड के बहाने सभी विभाजनकारी मुद्दे उठाए जाने शुरू हो गए हैं। जनता का यह असली इम्तहान है कि क्या वह इन बांटने वाले मुद्दों में फंसेगी या अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी के सवालों पर वोट करेगी। महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। और सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि इन पर ध्यान देने के बदले सरकार वही भावनात्मक मुद्दे उठाकर लोगों को बहकाने की कोशिश कर रही है। पूरा गोदी मीडिया, सरकार जनता के किसी सवाल पर बात नहीं कर रही है लेकिन हिन्दू-मुसलमान में कितना विभाजन हो सकता है इस पर पूरी ताकत लगाए हुए है।

मणिपुर की हिंसा से कुछ सीखने को तैयार नहीं है कि विभाजन और नफरत की राजनीति ने देश के इस सीमावर्ती राज्य में कैसे गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर दी है। दो महीने हो गए हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। भीड़ तंत्र इतना हावी हो गया है कि सेना के हाथों से लोग अपने आदमियों को छुड़ाकर ले जा रहे हैं। पुलिस से हथियार, गोला, बारूद छीन रहे हैं। राहुल वहां गए तो दो दिन में दुनिया के सामने वह सारी तस्वीरें आ गईं जो दो महीने से छुपाई जा रही थीं। राहत कैम्पों का कितना बुरा हाल है। बच्चों के चेहरों पर कैसी दहशत है। राहुल के साथ बैठकर, खाना खाकर वे कितने खुश दिख रहे हैं। महिलाएं किस कदर राहुल से मिलकर फूट-फूट कर रो रही हैं। सेना के जवान कितनी उम्मीदों के साथ राहुल से मिल रहे हैं। खुद राज्यपाल तक जो महिला हैं अनसुइया उइके वे उन्हें आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। हिंसा कोई पसंद नहीं करता। सिवाय विभाजन की राजनीति करने वालों के। हिंसा की आग वह है जो किसी को नहीं बख्शती। विभाजन की राजनीति अगर शुरू हो जाए तो वह विभाजन को बढ़ाती चली जाती है। केवल हिन्दू-मुसलमान तक सीमित नहीं रहती। वह दलित, पिछड़ों आदिवासियों, महिलाओं के खिलाफ भी उतनी ही नफरत से काम करती है। और कई बार मुसलमानों से ज्यादा। मुसलमानों से नफरत की राजनीति तो अभी नई शुरू हुई है मगर दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को दबाकर रखने की व्यवस्था तो सदियों से चल रही है।

यथास्थितिवादी ताकतों को सबसे ज्यादा खतरा इन्हीं से है। दलित पिछड़े आदिवासी ही सामाजिक न्याय मांग रहे हैं। वे ही जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। सत्ता में हिस्सा उन्हें चाहिए। नौकरियों में कम किया जा रहा आरक्षण उन्हें कमजोर कर रहा है।

लेकिन उन्हें दबाने के लिए उनका ध्यान भटकाया जा रहा है। अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, नौकरी, सम्मान से जीने की ललक वे भूले रहें इसलिए उन्हें मुसलमानों के सामने खड़ा किया जाता है। किसी भी धार्मिक जुलूस में या अभी शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा में सबसे ज्यादा तादाद दलित और पिछड़ों की होती है। समाज में ऊंचा स्थान रखने वाली सम्पन्न जातियों के लड़के इसमें शामिल नहीं होते हैं। दलितों को इन धार्मिक यात्राओं में कुछ दिन सम्मान देकर बाकी दिनों के लिए उन्हें उनकी स्थिति में रहने के लिए कहा जाता है। मारपीट कर आतंक के जरिए। अभी मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक दलित पति-पत्नी और उनकी दूधमुंही बच्ची को बुरी तरह इसलिए मारा-पीटा गया कि वे बाइक से सवर्णों के घर के सामने से निकल रहे थे। पति की तो टांगें तोड़ दी गईं। वह अस्पताल में भर्ती है। दूधमूंही बच्ची तक को मारा गया। दलित दंपत्ति से कहा गया कि हमारे घर के सामने से अपने जूते, चप्पल सिर पर रखकर निकलो। इससे पहले इसी छतरपुर में एक दलित दुल्हे के घोड़ी पर बैठने पर पथराव हुआ था। बारात पुलिस सुरक्षा में निकली थी। और इसी जिले में धीरेन्द्र शास्त्री का आश्रम है। जो रोज हिन्दू-मुसलमान करते हैं और उनका भाई अभी दलित की शादी में गाली-गलौज करने, कट्टे से फायर करने के आरोप में गिरफ्तार हुआ। यही राजनीति है। कांग्रेस भी इसमें फंस गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और उनके पहले वाले अरुण यादव दोनों धीरेन्द्र शास्त्री का आशीर्वाद लेने छतरपुर हो आए हैं।

मगर मध्यप्रदेश में सबको मालूम है कि वे जिस तरह हिन्दू-मुसलमान की बात कर रहे हैं वह किसके फायदे में जाएगी। अभी एक दलित डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को मध्यप्रदेश में अपनी नौकरी छोड़ना पड़ी। लेकिन यह सारे सवाल न उठें इसलिए हिन्दू -मुसलमान का ढोल बजाया जाता है। 2024 लोकसभा तक इस ढोल की आवाज को और तेज किया जाएगा। ताकि जनता की आवाज नहीं आए। मगर राहुल अब पूरे विपक्ष के साथ जनता की आवाज बन गए हैं। जिसे दबाया नहीं जा सकता।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# स्वयं ही भारत हैं स्वामी विवेकानंद

अरविंद जयतिलक



**आज** स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण किया। स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जिस समय भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान का उर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। स्वामी जी की दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे। उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे। 1893 में शिकागो में धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आफॅ रिलीजन ) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरी यह धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। पहले रोटी और फिर धर्म। लाखों लोग भूखों मर रहे हैं और हम उनके मस्तिष्क में धर्म ठूंस रहे हैं। मैं ऐसे धर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं करता, जो अनाथों के मुंह में एक रोटी का टुकड़ा भी नहीं रख सकता। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित अमेरिका और यूरोप के धर्म विचारकों व प्रचारकों को झकझोरते हुए कहा कि भारत की पहली आवश्यकता धर्म नहीं है। वहां इस गिरी हुई हालत में भी धर्म मौजूद हैं। भारत की सच्ची बीमारी भूख है। अगर आप भारत के हितैषी हैं तो उसके लिए धर्म प्रचारक नहीं अन्न भेजिए। स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि ईश्वर को कहां ढुंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं है? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते ? उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि गरीब मेरे मित्र हैं। मैं गरीबों से प्रीती करता हूं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है। वे इस बात पर बल देते थे कि हमें भारत को उठाना होगा, गरीबों को भोजन देना होगा और शिक्षा का विस्तार करना होगा। स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो की देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया। स्वामी जी गरीबों को लेकर बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वगारोहण के बाद उनकी स्मृति में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के सन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। सन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी सन्यासियों के उत्तर से बेहद दुखी हुए। उन्होंने कहा कि आपलोग समझते हैं कि ईश्वर के आगे बैठने से वह प्रसन्न होगा और हाथ पकड़कर स्वर्ग ले जाएगा तो यह भूल है। आंखे खोलकर देखों की तुम्हारे पास कौन है। स्वामी जी ने दरिद्र को दरिद्र नारायण कहा। उन्होंने कहा कि आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो लेकिन मैं कहता हूं दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव। अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतध्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन गरीबों, अनपढ़ों, अज्ञानियों एवं दुखियों को ही अपना भगवान मानो। स्मरण रखो, इनकी सेवा ही तुम्हारा परम धर्म है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। स्वामी जी देश की तरक्की के लिए कषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अकसर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जुझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। एक बार उन्होंने उद्योगपति जमशेद जी टाटा से पूछा था कि आप थोड़े से फायदे के लिए विदेश से माचिस मंगाकर यहां क्यों बेचते हैं? स्वामी जी ने सुझाव दिया कि आप देश में ही माचिस की फैक्टरी और शोध संस्थान स्थापित करें। स्वामी जी के सुझाव का परिणाम रहा कि आगे चलकर जमशेद जी टाटा ने टाटा इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन फंडामेंटल साईंसेज की स्थापना की। स्वामी जी देश के आर्थिक विकास और नैतिक मूल्यों को एकदूसरे से आबद्ध चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि भारत के उच्च शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ वेदांत दर्शन भी समाहित हो। उनकी दृष्टि में वेदांत आधारित जीवन और आर्थिक विकास के बीच गहरा संबंध है। उनका मानना था कि भौतिक विज्ञान केवल लौकिक समृद्धि दे सकता है परंतु अध्यात्म विज्ञान शास्वत जीवन के लिए परम आवश्यक है। आध्यात्मिक विचारों का आदर्श मनुष्य को वास्तविक सुख देता है। भौतिकवाद की स्पर्धा, असंतुलित महत्वकांक्षा व्यक्ति तथा देश को अंतिम मृत्यु की ओर ले जाती है। स्वामी जी भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए शिक्षा, आत्मसुधार, कल्याण केंद्रीत संगठन और क्रियाशीलता की प्रवृत्ति को आवश्यक मानते थे। स्वामी जी को देश से असीम प्रेम था। शिकागो से वापसी की समुद्री यात्रा के दौरान जब वह 15 जनवरी, 1897 को श्रीलंका का समुद्री किनारे पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि उस तरफ जो नारियल और ताड़-खजूर के पेड़ दिखायी दे रहे हैं वो भारत के हैं, स्वामी जी इतने भावुक हो गए कि जहाज के बोर्ड पर ही मातृभूमि की ओर साष्टांग प्रणाम करने लगे। स्वामी जी ने तीन भविष्यवाणियां की थी, जिनमें से दो-भारत की स्वतंत्रता और रुस में श्रमिक क्रांति सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। स्वामी जी ने तीसरी भविष्यवाणी की है कि भारत एक बार फिर समृद्धि व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। वे स्वयं को घनीभूत भारत कहते थे। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने अपनी मातृभूमि से उनके सम्मिलन को अभिव्यक्त करते हुए कहा है कि भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीररुप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।

# दमदार हथियार होती है कलम !

सुनील कुमार महला

**कलम** की ताकत तलवार की ताकत से भी अधिक होती है और जो काम दुनिया में कलम कर सकती है, वह कोई और चीज नहीं कर सकती है। हालांकि,कलम और तलवार की तुलना नहीं की जा सकती है क्योंकि कलम का उपयोग लेखन उद्देश्यों के लिए किया जाता है और तलवार का इस्तेमाल लड़ाई के उद्देश्यों के लिए किया जाता है।कलम लेखकों का दमदार हथियार है, जिसका उपयोग वे इतिहास बनाने के लिए कर सकते हैं। कलम रचनात्मक है, जबकि तलवार विनाशकारी है। कलम से कोई भी व्यक्ति अक्षर लिखता है, शब्द लिखता है, वाक्य लिखता है और लेखक की कलम का हमारे समाज, हमारे देश पर कहीं न कहीं बड़ा प्रभाव पड़ता है, इसीलिए लेखकों को यह चाहिए कि वे कलम का इस्तेमाल हमेशा सोच समझकर व सही तरीके से करें क्योंकि कलम का एक एक शब्द,एक एक वाक्य अपना अमिट प्रभाव समाज पर छोड़ता है। तलवार का काम हिंसा का है लेकिन लेखन का कार्य कभी हिंसा का नहीं होना चाहिए।

लेखन का कार्य है सधे व शालीन तथा संयमित तरीके से समाज पर अपना प्रभाव छोड़ना न कि हिंसा को जन्म देना। शब्दों में बल होता है, ताकत होती है और उसमें विभिन्न समस्याओं को हल करने,उनका समाधान करने कराने की ताकत होती है।सच तो यह है कि कलम और लेखन सभ्य व्यवहार, अच्छे व्यवहार, संयमित व्यवहार का संकेत देते हैं जो चीजों को प्राप्त करने के लिए क्रूर शक्ति का इस्तेमाल करने से कहीं अधिक बेहतर व अच्छा है। वास्तव में कलम या पेन दिखने में जरूर छोटी सी दिखाई देती है लेकिन इसमें बड़े बड़े काम करने करवाने की क्षमताएं निहित होती है। कलम की शक्ति बड़े बड़े स्तंभों को भी हिला सकती है बशर्ते कि उसमें बात को सही तरीके से कहने या रखने की ताकत हो। कोई लेखक किसी योद्धा से अधिक ताकतवर और शक्तिशाली होता है। कहना गलत नहीं होगा कि एक छोटी सी कलम ही लोगों और समाज पर इतना बड़ा प्रभाव डाल सकती है जितना कि एक तेज तलवार भी नहीं डाल सकती है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1839 में अंग्रेजी लेखक एडवर्ड बुलवेर-लिटलन द्वारा लिखी गई एक पुस्तक में कलम तलवार से अधिक शक्तिशाली है। का इस्तेमाल किया गया था। जानकारी मिलती है कि इसे उनके नाटक रिकेल्यू में भी स्थान दिया गया था। कलम से लिखी गई किताबें हमें शिक्षा और ज्ञान देती हैं जो हमेशा हमारे साथ रहता है। पेन अर्थात कलम का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। हम अपने मन के भावों या विचारों को कलम के माध्यम से बड़ी आसानी और सहजता से प्रकट कर सकते हैं। कलम हमारी अभिव्यक्ति का साधन है। कलम की मदद से मानव न सिर्फ स्वयं के बल्कि अन्य लोगों के विचारों को भी पढ़ सकता है,जान सकता है। आज हम जिन शास्त्रों एवं साहित्य पर गर्व करते हैं ये कलम के कारण ही हमारे ज्ञान का स्रोत बन पाए हैं। कलम न होती तो कुछ भी नहीं होता। ज्ञान का स्थानांतरण कलम बखूबी कर सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि संसार की पहली कलम को श्री गणेश जी ने अपने दांत को तोड़कर बनाया था। ज्ञात ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार आज से 5 हजार वर्ष पूर्व ईराक की मेसोपोटामिया सभ्यता से कलम का आविष्कार माना जाता है। हड़प्पा और मोहनजोदाड़ो काल में भारत में कलम की उत्पत्ति मानी जाती है। कलम से किताबें लिखी जाती हैं, साहित्य लिखा जाता है और किताबें हमारी सच्ची साथी होतीं हैं, वे हमें जीवन दर्शन सिखातीं हैं, हमारी उन्नति, प्रगति का मार्ग प्रशस्त करतीं हैं। सच तो यह है कि लेखन में किन्हीं भी राजनीतिक नेताओं या अभिनेताओं, खेल, व्यक्तियों, समाज और देश आदि की छवि बनाने या नष्ट करने की शक्ति निहित होती है। लेखक को कलम की ताकत के बारे में वास्तव में हमेशा बहुत ही सतर्क और दिमागदार होना चाहिए और बुद्धिमानी से, सधे हाथ से सोच समझकर लिखना चाहिए। हर लेखक को यह बात हमेशा हमेशा के लिए अपने जेहन में रखनी चाहिए कि लेखन युद्धों के दौरान शांति पैदा कर सकता है और शांति के दौरान युद्ध पैदा कर सकता है। लेखन लोगों को किसी सामाजिक या किसी भी राष्ट्रीय बुराई के खिलाफ खड़े होने के लिए एकजुट कर सकता है। लेखकों को यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि लेखन प्रेम, दया, घृणा, शत्रुता, सहानुभूति आदि जैसी विभिन्न भावनाओं को प्रेरित कर सकता है। लेखक किसी भी समाज और देश के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। एक अच्छे लेखक को समाज हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखता है क्योंकि एक बेहतरीन लेखक के पास अपने लेखन के जादू के माध्यम से देश दुनिया , समाज को बदलने की शक्ति होती है। राष्ट्रीय स्तर पर भी, लेखकों की बहस और चर्चा विभिन्न देशों के बीच विभिन्न परिवर्तनों को पलों में हल कर सकती है। लेखक साहित्य लिखते हैं और साहित्य समाज में ज्ञान फैलाता है।

# इस देश में कॉमन सिविल कोड की सख्त जरूरत

शादाब सलीम- अधिवक्ता

**हमारे** देश में पर्सनल लॉ के मामलों में कॉमन सिविल कोड लागू नहीं होकर भी लागू हो चुका है। पार्लियामेंट ने कानून नहीं बनाया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने समय समय पर परिवर्तन कर दिए हैं। किसी भी धर्म जाति का कोई रत्तीभर पर्सनल लॉ नहीं बचा है। सब कुछ सुप्रीम कोर्ट के वर्डिक्ट पर ही तय हो रहा है। जैसे मुस्लिम महिलाएं मेंटेनेंस क्लेम कर रही हैं, बहुविवाह पर भले सेक्शन 494 लागू न हो लेकिन 498ए लागू कर दी गई है क्योंकि उसे पहली पत्नी के अगेंस्ट क्रूरता मान लिया गया है। शादी को भले मान्यता हो लेकिन आपराधिक मुकदमा तो पर्सनल लॉ में बहुविवाह की मान्यता वालों पर भी बन रहा है। अब म्यूचुअल डिवोर्स तक कोरे कागजों पर या ओरल मान्यता नहीं रखता है, कई हाईकोर्ट नोटरी पर तलाक खत्म कर चुकी है, काजी के पास होने वाले खुला को भी लोग चेलेंज कर देते हैं इसलिए वहां भी कोर्ट की डिक्री मान्य हो गई है। अब तलाक सिर्फ कोर्ट की डिक्री पर ही होता है।

अब इस समय तक कॉमन सिविल कोड में कोई दम नहीं रह गया खासकर मुस्लिम पर्सनल लॉ के मामलों में। फिर अदालतों को मुस्लिम पर्सनल लॉ समझने में भी बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। सक्सेशन के मामलों में बहुत दिक्कत आती है। दिनशव फरदोन जी मुल्ला की एकमात्र किताब का सहारा लेकर जैसे तैसे मुस्लिम सक्सेशन चलाया जा रहा है। वास्तव में मुस्लिम सक्सेशन में बहुत मुश्किल होती है। बगैर वसीयत मर जाने वाले मुस्लिम व्यक्ति की संपत्तियों के विवाद सुलझाए नहीं सुलझते हैं। वारिस अदालतों में बुरी तरह लड़ते हैं, यह चीज अमीर मुस्लिम समुदाय के लोगों में देखने को मिलती है, यह झगड़े अमीर मुसलमानों के शहर दिल्ली, हैदराबाद, भोपाल और मुंबई जैसी जगहों पर खूब मिलेंगे। आखिर में सेटलमेंट कर वही पार्लियामेंट के बनाएं हिन्दू सक्सेशन एक्ट के प्रोविजन के दायरे में ही लोग आपसी रजामंदी करते हैं। कॉमन सिविल कोड से एक संहिताबद्ध कानून हो जाएगा। कम से कम म्युचुअल डिवोर्स जैसे मामले तो सुधर जाएंगे और सक्सेशन भी। सरकार को इसे निष्पक्षता से देशहित में बना देना चाहिए तो यह वास्तव में बहुत अच्छा काम होगा।

# शिक्षा के प्रति डीएम गम्भीरः बच्चों को अच्छी से अच्छी करायें तैयारी
## मानिकपुर आश्रम पद्धति विद्यालय प्रधानाचार्य को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सरधुवा, कलचिहा व मानिकपुर के संचालन एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग संचालन की बाबत बैठक में कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि मानिकपुर प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये।

सोमवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति मानिकपुर में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक नहीं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। इनके शिक्षा में सुधार न करने पर शासन को पत्र लिखा जाए। सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि जिन विद्यालयों में प्रवेश को बच्चे नहीं आ रहे, उसमें बेटिंग के बच्चों को प्रवेश दिलायें। भोजन एवं नाश्ता की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखें। सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करें। छात्र-छात्राओं को उप्र कौशल विकास मिशन से कौशल प्रशिक्षण दिलाने की बाबत प्रधानाचार्य आईटीआई से संपर्क करें। जिन बच्चों के आधारकार्ड लागिन नहीं हुए, उन्हें ऑनलाइन फीडिंग करायें। टैबलेट व कंप्यूटर लैब का नियमित संचालन करायें। फोटो वीडियो भी उपलब्ध करायें।



उन्होंने सीएमओ से कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों तथा वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करायें। सीडीओ से कहा कि सरधुवा विद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण में संबंधित कार्यदाई संस्था से निर्माण कार्य शुरू करायें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन से निर्देश है कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को भी लागू कर बच्चों की तैयारी करायें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों के पठन-पाठन, भोजन आदि की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। शासन से शिक्षा को सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। शिक्षा में सुधार क्यों नहीं हो रहा। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। त्यौहार में बच्चे घर जाते हैं तो अभिभावकों से संपर्क कर समय से विद्यालय बुलाया जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोचिंग संचालन की समीक्षा पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया से कहा कि जो शिक्षक सिविल, नीट, जेईई की तैयारी बच्चों को करा रहे हैं, उनके पठन-पाठन के बारे में बच्चों से फीडबैक लिया जाए। जिस विषय के शिक्षक नहीं है, उसकी व्यवस्था करायें। विषय विशेषज्ञों के साथ कोचिंग वाले शिक्षकों को रखा जाए। जिला पुस्तकालय में कोचिंग संचालन को सभी व्यवस्थाएं कराकर समय सारणी बनाकर शुरू कराएं। जो कोआर्डिनेटर नियुक्त हैं, वह शिक्षण कार्य की गुणवत्ता भी देखें। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिला पुस्तकालय में एक पुस्तकालय प्रभारी की भी नियुक्ति करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि जो पुस्तके तैयारी को क्रय की जानी है, तत्काल करायें। मोटिवेशन क्लास की भी समय सारणी बनायें। जो बच्चे तैयारी करके शासकीय सेवा में गए हैं, उनकी भी सेवाएं ली जाएं।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, बीएसए लव प्रकाश यादव, बीडीओ कर्वी आस्था पांडेय, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## राम मोहल्ला में हुई चैन स्नैचिंग, सावन के पहले दिन चार महिलाओं की खिंची चैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन के पहले दिन कामदगिरि राम मोहल्ला में उमडी भीड ने चैन स्नैचिंग की घटनायें हो रही हैं। तीन घंटे के अंदर चार महिलाओं की चैन खींची गई।

सोमवार को कामदगिरि राम मोहल्ला में सवेरे साढे सात बजे रत्नेश गुप्ता निवासी इंदिरा नगर बांदा की चैन खींची गई। इसी समय शिवम सिंह निवासी धमना मप्र की चैन तोड़ी गई। सवेरे दस बजे दिवाकर मिश्रा निवासी तिन्दवारा जिला बांदा की चैन चोर काट ले गए। लक्ष्मी बाजपेई नामक महिला की चेन भी खींची गई। चैन स्नैचिंग की सूचना पुलिस को दी गई है।

कामदगिरि प्रथम मुखारबिंद मंदिर में आज एक भी पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। कर्वी के अधिवक्ता की भी चैन खींची गई, लेकिन लोगों ने चैन स्नेचर को पकड़ लिया था, तो चैन मिल गई। जिले में चैन स्नैचर की चांदी है। नयागांव थाना क्षेत्र के राम मोहल्ला कामदगिरि प्रथम मुखारबिंद मंदिर में आज चार घटनायें हुई हैं। जेब कतरों ने भी कई लोगों की जेबे काटी।

## पुलिस ने दो जुआरी दबोचे, सात भागने में रहे सफल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने ताश के पत्तो पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले दो लोगों को दबोचा है।

सोमवार को रैपुरा थाने के दरोगा ने सुरेन्द्र सिंह उर्फ ददनी पुत्र मनभावन लाल निवासी बराछी व राजेश कुमार पुत्र शिवनन्दन निवासी कौबरा को दबोचकर मालफड से 1950 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी से 550 रुपये बरामद किये। जुआरी जयशंकर उर्फ रज्जू मिश्रा पुत्र गुलबदन, राजेन्द्र उर्फ चुन्नू पुत्र शिवकुमार, आनन्द उर्फ नन्दा पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद निवासी कौबरा, रामबाबू उर्फ ठोकिया पुत्र कल्लू निवासी गढ़चपा, अखिलेश उर्फ राजा तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी, योगेंद्र शुक्ला उर्फ चुन्नू पुत्र विजयशंकर निवासी रामपुर, फूलचन्द्र पुत्र अज्ञात निवासी छेरिहाई मौके से भागने में सफल रहे। सभी के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही राजमंगल बिन्द, नन्हे यादव शामिल रहे।

## पुस्तकालय-कोचिंग सेन्टर के परिसर से हटायें अतिक्रमणः डीएम, डीएम-सीडीओ ने पुस्तकालय को बेहतर बनाने के दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने जिला राजकीय पुस्तकालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग सेंटर संचालन तैयारी का औचक निरीक्षण किया।

सोमवार को जिलाधिकारी ने जिला पुस्तकालय के अंदर फॉल सीलिंग, लाइट, रंगाई, पुताई, शौचालय की मरम्मत, शौचालय निर्माण आदि देखे। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि सत्येंद्रनाथ ने बताया कि फाल सीलिंग, विद्युत, रंगाई, पुताई आदि का कार्य पूरा हो गया है। शौचालय निर्माण जल्द पूरा करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने परिसर में पड़े कूड़ा आदि सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश ईओ नगर पालिका परिषद कर्वी को दिए। यहां पर बेंच आदि लगाकर बैठने की व्यवस्था कराने को कहा।

उन्होंने एसडीएम कर्वी व ईओ को निर्देश दिए कि अंदर-बाहर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटायें। एक्सईएन लोनिवि से कहा कि मुख्य गेट पर भी बोर्ड तथा अंदर भी एक साइन बोर्ड लगायें। पार्किंग की व्यवस्था करायें। इस मौके पर डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, ईओ लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

## चार के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया 55 लीटर महुआ शराब

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 55 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

सोमवार को दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने मीरा पत्नी स्व अर्जुन, साबित्री पत्नी देशराज केवट निवासी अमवा, श्यामकली पत्नी संतोष निषाद निवासी बिहरवां के कब्जे से 15-15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, सिपाही ललित सोनी, राहुल पुरी, अमित सिंह, महिला सिपाही अनीता शामिल रही।

इसी क्रम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने मोहनलाल निषाद पुत्र प्रभु निषाद निवासी बरेठी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, अरविन्द सोनी, सिपाही अतुल मिश्रा शामिल रहे।

## जानकीकुण्ड में जटिल अस्थिरोग निदान शिविर का हुआ शुभारम्भ, स्व डॉ एचके वखारिया की स्मृति में 34वां शिविर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तहत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा पर 34वें जटिल अस्थिरोग निदान शिविर का शुभारम्भ चिकित्सालय के वार्ड 19 में हुआ।

सोमवार को तीन दशकों से भी अधिक समय तक शिविर को संचालित करने वाले परम पूज्य गुरुदेव के अनन्य भक्त/वरिष्ठ सर्जन स्व डॉ एचके वखारिया जामनगर की स्मृति में शिविर को समर्पित किया। उद्घाटन समारोह में श्री सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी/ निदेशक डॉ बीके जैन, श्रीमती ऊषा जैन ने शिविर में आए अतिथियों का स्वागत किया। सूरत से पधारे अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज पटेल, आगरा से पधारे अस्थि रोग विशेषज्ञ डा अनिल शर्मा, सूरत से पधारे दिलीप भाई, चिराग भाई मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ पूनम आडवानी, प्रशासक डॉ राजपूत ने महावीर विकलांग समिति कोटा से आये देवकीनन्दन एवं टीम का चिकित्सालय की ओर से स्वागत किया। शुभारम्भ गुरु पूजन व दीप जलाकर डॉ वखारिया के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने डा बखरिया के पुराने संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि शारीरिक रूप से निशक्तजनों और पोलियोग्रस्त मरीजों को तन, मन, धन से सेवा करने वाला ऐसा अद्वितीय चिकित्सक नहीं देखा।

# गुरुपूर्णिमा पर महिला पतंजलि ने महिलाओं को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव पुरानी बाजार स्थित राजा साहब कोठी पर धूमधाम से मनाया। महिला पतंजलि की सभी योगिनी बहनों ने वैदिक मंत्रों से हवन-पूजन, गुरु भजन एवं गुरु दक्षिणा संपन्न किया।

सोमवार को जिला कोषाध्यक्ष लालमणि गुप्ता ने बताया कि संगठन में अच्छा सहयोग करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। बहनों को तिलक लगाकर साल ओढाया। बहन




मीरा श्रीवास्तव, पद्मा सिंह, लालमणि गुप्ता, विमला आर्य, निर्मला आर्य, अंशु सोनी, अनीता सिंह, मनीषा केसरवानी, मंजू अग्रवाल, अर्पणा गुप्ता, माधुरी सिंह, मीना अग्रवाल, सरोज जैन, रमा अग्रवाल, ज्योति जैन, रमा शुक्ला, भावना जैन, नीलम जैन, निर्मला पांडे, मीरा पांडे, संगीता करवरिया, पूजा नामदेव, सरिता अग्रवाल, रंजना खरे, रामारानी दास सम्मानित की गई।

भारत स्वाभिमान की जिला प्रभारी मीरा श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य अतिथि जिले की भाजपा नेता रंजना उपाध्याय मौजूद रही। जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि जिले के अन्य कई योग कक्षाओं में मानिकपुर तहसील, राजापुर तहसील, कर्वी तहसील के चित्रकूट इंटर कॉलेज में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया।

# आठ, नौ, दस जुलाई को लगेगा उप्र किसान सभा प्रशिक्षण शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** किसान सभा के प्रान्तीय महामंत्री मुकुट सिंह व राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र एड की मौजूदगी में किसान सभा की बैठक में निर्णय लिया कि राज्य प्रशिक्षण शिविर आठ, नौ, दस जुलाई को रामायण मेला परिसर सीतापुर में होगा। बुन्देलखण्ड के किसान कार्यकताओं के प्रान्तीय प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय एवं राज्य नेतृत्व हिस्सा लेगा। प्रदेश समेत बुन्देलखण्ड की समस्याओं पर मंथन होगा। किसान सभा के राज्य के पदाधिकारी, काउंसिल सदस्यगण, जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री हिस्सा लेंगे।

सोमवार को आठ, नौ, दस जुलाई के राज्य प्रशिक्षण शिविर




की तैयारी बाबत हुई बैठक में प्रान्तीय महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि शिविर में प्रदेश से आने वाले साथियों के ठहरने, खाने की व्यवस्था रामायण मेला परिसर सीतापुर में होगी। आने-जाने की समुचित व्यवस्था की गई है। फंड कलेक्शन, भोजन, आवास, परिवहन की समितियों का गठन किया गया। बीस वालिंटियर व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभालेंगे।

वरिष्ठ अधिवक्ता/किसान नेता रुद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि बुन्देलखण्ड की समस्याओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ विचार मंथन होगा। समस्याओं के निदान/आन्दोलन की योजना बनाई जायेगी।

शिविर में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक ढबले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी कृष्णा प्रसाद, संयुक्त सचिव बादल सरोज, जेएनयू के प्रो डॉ विकास रावल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव/उप्र किसान सभा के महामंत्री मुकुट सिंह बतौर शिक्षक हिस्सा लेंगे। शिविर में प्रदेश के सभी पदाधिकारी समेत राज्य कार्यकारिणी, काउंसिल के सदस्य व जिले के अध्यक्ष व मंत्री हिस्सा लेंगे।

# सावन माह में एसपी गम्भीरः कांवड यात्रियों के लिए करें चौकस व्यवस्था
## गोष्ठी में मातहतों को दिये आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने पुलिस के अधिकारियों व थाना-चैकी प्रभारियों के साथ सावन माह में जलाभिषेक/कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को चैकस बनाने के मद्देनजर गोष्ठी में कहा कि प्रत्येक थाने में जितने शिव मंदिर हैं। मंदिर में सीसीटीवी कैमरा लगा है या नहीं, प्रवेश एवं निकास अलग-अलग है या नहीं। इसकी व्यवस्था की जाये।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने राघव प्रेक्षागार में गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जलाभिषेक को जल भरने वाले नदी घाटों पर



गोताखोरों की व्यवस्था तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करा ली जाये। मंदिर में जिन तिथियों में ज्यादा भीड़ होगी, नियंत्रित करने को रुपरेखा बना लें। किसी भी मंदिर में महिलाओं के साथ चैन स्नेचिंग व छेड़छाड़ की घटना न हो। सादे वस्त्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाये। जलाभिषेक के दिन प्रत्येक शिवमंदिर में वालंटियर्स ग्रुप तैयार कर उनकी मदद ली जाये। मंदिर के आसपास पार्किंग व्यवस्था को स्थान चिन्हित कर जल भराव से मुक्त करा लिया जाये। कांवड़ यात्रा मार्गों को सेक्टर में बांटकर उन सेक्टरों पर स्टैटिक एवं मोबाइल ड्यूटियां लगायी जायें।

उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को असुविधा और हादसों से बचाने को थानावार डायवर्जन प्लान टीआई और थाना प्रभारी मिलकर तैयार करा लें। किन तिथियों में हैवी ट्राफिक कब से कब तक रोकना है, इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से लोगों को पहले ही दे दी जाये। कांवड़ यात्रा दौरान मुहर्रम के भी आयोजन होंगे। इस बाबत मिश्रित आबादी में हॉट-स्पॉट चिन्हित कर दोनों समुदायों में कोई क्लेश न हो। शांति सुरक्षा समितियों का गठन कर सूची मय मोबाइल नम्बर थाना प्रभारी अपने ग्रुप में शेयर करें। जिले में कांवड़ यात्रा का व्हाट्यअप ग्रुप बनाकर उच्चाधिकारियों को भी ग्रुप में शामिल किया जाये, ताकि उच्चाधिकारियों के समय-समय पर दिशा-निर्देश मिलते रहें।

## आठ जुलाई को होगी विशेष लोक अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आठ जुलाई को होने वाले मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के निस्तारण की बाबत विशेष लोक अदालत लगेगी।

सोमवार को अपर जिला जज ध्सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि आठ जुलाई को होने वाली मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के निस्तारण की बाबत विशेष लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा तादाद में आकर अपने वादों का निस्तारण सुलह समझौते से करायें।

मोटा दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण को विशेष लोक अदालत आठ जुलाई को पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना/प्रतिकर न्यायालय की अध्यक्षता में होगी।

## गुरु पूर्णिमा पर तीर्थक्षेत्र में भक्तों का लगा तांता, गुरु का पूजन कर मंदाकिनी में डुबकी लगा की परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में गुरु पूर्णिमा पर देश भर से लाखों शिष्यों का जमावड़ा लगा। सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर पतित पावनी मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर शिष्य अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद ले रहे हैं।

सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर यूपी-एमपी प्रशासन ने तीर्थक्षेत्र के साधु-संतों और महात्माओं के मठ-मंदिरों और देवालयों में सुरक्षा आदि के पुख्ता इंतजाम किए हैं। गुरु पूर्णिमा पर्व पर भगवान श्रीराम की तपोभूमि में साधु-संतों और महात्माओं के दर्शन-पूजन एवं गुरू दीक्षा लेने को देश भर से लाखों शिष्यों का जमावड़ा लगा है। मठ-मंदिरों में तैयारियां पूरी है। तुलसी पीठ में जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज, पुरानी लंका, आचार्य आश्रम, कामदगिरि प्रमुख द्वार, प्राचीन मुखारविंद मंदिर, सनकादिक आश्रम, पंजाबी भगवान आश्रम, रघुवीर मंदिर, रावतपुरा सरकार आश्रम, संतोषी अखाड़ा, गायत्री शक्तिपीठ, राम धाम मंदिर, भरत मंदिर, यज्ञवेदी मंदिर, स्वर्ग आश्रम पीली कोठी, सती अनुसूइया आश्रम, रामायणी कुटी, फलाहारी आश्रम, वेदांती आश्रम, सुतीक्षण मुनि आश्रम, सरभंग ऋषि आश्रम, पम्पासुर समेत चित्रकूट के प्रमुख मठ मंदिरों में शिष्यों का पहुंचना शुरू हो गया है। इसी तरह धारकुंडी आश्रम प्रबंधन भी गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया जा रहा है। सती अनुसूया आश्रम और सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के रघुवीर मंदिर परिक्रमा मार्ग पर स्थित जग निवास में भी बड़े ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया है।

## श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट में हर्षोल्लास से मनी गुरुपूर्णिमा, अध्यक्ष विशद मफतलाल ने सपरिवार किया गुरुपूजन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** परमहंस सन्त रणछोड़दास जी महाराज के पावन आश्रम श्री रघुवीर मन्दिर बड़ी गुफा जानकीकुण्ड में गुरुपूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

सोमवार को देश भर के विभिन्न प्रान्तों से आयेगुरुभक्तों के परिवार के सदस्य श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। मन्दिर प्रांगण में नवनिर्मित सन्त निवास भवन का लोकार्पण दिनेशभाई रूपारेलिया, जेनीश रूपारेलिया परिवार अहमदाबाद गुजरात ने विधि विधानपूर्वक पूजन से किया। पूज्य गुरुदेव भगवान का पादुका पूजन ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल, उनके पुत्र देवव्रत मफतलाल एवं पुत्री उर्विजा मफतलाल ने किया। गुरुपूजन में 56 विशिष्ट व्यंजनों के अन्नकूट प्रसाद का महाभोग गुरुदेव को लगाया गया। ट्रस्टी डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, डॉ बीके जैन, मनोज पांड्या, डॉ इलेश जैन, उषा जैन, श्री भामा जी समेत भारतभर से पधारे सभी गुरुभाई बहनें, सद्गुरु परिवार के सदस्य, विभिन्न शैक्षणिक विद्यालयों के शिक्षक, आचार्य, प्राचार्य, विद्यार्थी तथा जया-पार्वती व्रत की कन्याएं मौजूद रहीं। गुरुपूर्णिमा पर नवीन सन्त निवास के निर्माण में अपनी पुण्यलक्ष्मी का सहयोग देने वाले दिनेश भाई रूपरेलिया परिवार को ट्रस्टियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ गुरुभाई स्व बाबूराम गुप्ता बांदा एवं स्व आनंदी महाराज सरैयां के दिवंगत होने पर उनके जरिये संस्था के प्रति किये समर्पण एवं सेवाकार्यों के लिए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। पूजन के बाद वृहद साधु भण्डारा हुआ।

# जांच अभियान में आठ दुकानदारों पर किया जुमार्ना, प्रतिबंधित पालिथीन पर लगी है रोक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ कस्बे में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और नायब तहसीलदार ने पुलिस टीम के साथ जांच अभियान चलाया। प्रतिबंधित पालिथीन रखने वाले आठ दुकानदारों पर जुमार्ना किया। प्रतिबंधित पालिथीन भी जब्त की गयी।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर मऊ के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, नायब तहसीलदार विवेक कुमार ने नगर भ्रमण किया। उन्होंने नगर के व्यापारियों से कहा कि शासन ने प्रतिबंधित पालिथीन के प्रयोग पर रोक लगा रखी है। ऐसे में इसका प्रयोग करते मिलने पर दुकानदारों पर जुमार्ना किया जाएगा। मौके पर




बरामद प्रतिबंधित पालिथीन भी जब्त कर ली जाएगी। जांच अभियान में प्रतिबंधित पालिथीन मिलने पर कस्बे के आठ दुकानदारों पर जुमार्ना किया। पांच दुकानदारों पर एक हजार रुपए और तीन दुकानों पर पालिथीन तीन सौ ग्राम से अधिक मिलने पर दो हजार रुपए समेत कुल 11 हजार रुपए का जुमार्ना किया। इस दौरान 750 ग्राम पालिथीन बरामद की गयी। कुछ अन्य स्थानों पर कम मात्रा में पालिथीन मिलने पर हिदायत देकर छोड़ा गया। ऐसे स्थानों से लगभग एक किलो पालिथीन जब्त की गयी। इस मौके पर मऊ नगर पंचायत के लिपिक शिव प्रसाद प्रजापति, संदीप पाण्डेय, अतुल सिंह, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड अगस्त में कर सकते हैं चीन का दौरा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की चीन यात्रा की तैयारी चल रही है। वह अगस्त में चीन जाने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड के करीबी सूत्रों के मुताबिक वह अगस्त में दौरा करेंगे। चीन यात्रा के लिए उत्सुक प्रचंड भी ने भी



कहा है कि वह जल्द ही चीन का दौरा करेंगे। इससे पहले प्रचंड के नेतृत्व वाले सीपीएन (माओवादी सेंटर) के वरिष्ठ नेता जून में चीन का दौरा कर चुके हैं। प्रारंभ में, माओवादी सेंटर के उपाध्यक्ष अग्नि प्रसाद सापकोटा और बाद में सरकार के उपप्रधानमंत्री रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायणकाजी श्रेष्ठ ने चीन का दौरा किया। सापकोटा ने कहा कि प्रचंड अगस्त में चीन का दौरा कर सकते हैं। श्रेष्ठ ने कहा कि चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में दिलचस्पी रखता है। प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल में चीन की सक्रियता बढ़ गई है। चीन का दावा है कि नेपाल में बीआरआई लागू कर दिया गया है, जबकि नेपाल सरकार इससे इनकार कर रही है।

## इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप, झटकों की चेतावनी जारी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूभौतिकी एजेंसी ने कहा है कि सुनामी की कोई संभावना नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन पर 33 किलोमीटर (20.51 मील) की गहराई पर था। भूकंप की वजह से किसी के हताहत होने या कोई गंभीर नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 5.4 तीव्रता का भूकंप पापुआ प्रांत की राजधानी जयापुरा के एक



उपजिला अबेपुरा से 135 किलोमीटर (83 मील) दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। यह 13 किलोमीटर (8 मील) की गहराई पर हुआ। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है लेकिन संभावित झटकों की चेतावनी जारी की गई है। इसने भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 मापी। एजेंसी ने कहा है कि भूकंपों के शुरुआती मापों में बदलाव आम बात है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। 270 मिलियन लोगों वाले इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सुनामी की घटनाएं देखने को मिल जाती हैं।

## अमेरिका में अंधाधुंध गोलीबारी में दो की मौत, 28 घायल

**बाल्टीमोर।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में एक कार्यक्रम में एकत्र लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में तीन की हालत नाजुक है। बाल्टीमोर पुलिस विभाग के कार्यवाहक आयुक्त रिचर्ड वर्ली ने संवाददाताओं को बताया कि गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हुए हैं। ग्रेटना एवेन्यू के ब्लॉक 800 में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय



समयानुसार देर रात करीब साढ़े 12 बजे गोलीबारी की घटना हुई। घटनास्थल पर मेयर ब्रैंडन स्कॉट ने कहा, मैं चाहता हूं कि जो लोग जिम्मेदार हैं वे मेरी बात सुनें और मुझे बहुत स्पष्ट रूप से सुनें। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम आपको ढूंढ नहीं लेते और हम आपको ढूंढ लेंगे। गोलीबारी के बाद किसी को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। स्कॉट ने लोगों से अपील की कि अगर किसी के पास गोलीबारी को अंजाम देने वालों के बारे में कोई जानकारी है, तो वे उनका पता लगाने में जांचकर्ताओं की मदद करें।

# पाकिस्तान में फौज पर आतंकवादी भारी, मुठभेड़ और हमलों में मेजर समेत छह की जान गई

**क्वेटा।** पाकिस्तान में फौज पर आतंकवादी भारी पड़ रहे हैं। बलूचिस्तान के केच जिले में रात मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलियों ने एक मेजर और एक जवान की जान ले ली। इस घटना के कुछ घंटे पहले शेरानी जिले में तीन चौकियों पर एक साथ हुए हमलों में चार सुरक्षाकर्मियों की शहादत हो गई। इस बीच एक संदिग्ध आतंकवादी भी मारा गया।

पाकिस्तान फौज की मीडिया शाखा अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) के प्रवक्ता ने केच मुठभेड़ में मेजर समेत दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने बयान जारी कर तीन सुरक्षा चौकियों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएसपीआर ने कहा है कि इस मुठभेड़ में फौज ने अपने बहादुर मेजर साकिब हुसैन



और नायक बाकिर अली को खो दिया है। आतंकवादियों की गोलीबारी में एक अन्य सैनिक घायल हो गया है।

झोब डिवीजन के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने कहा है कि दानासर इलाके में पुलिस, लेवी और फ्रंटियर कोर की तीन सुरक्षा चौकियों पर एक साथ सशस्त्र हमले किए गए। सशस्त्र आतंकवादियों ने ग्रेनेड और रॉकेट फेंके। यह चौकियों में फट गए। हमले में लहूलुहान चार जवानों ने दम तोड़ दिया। आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए चप्पा-चप्पा छाना जा रहा है। जान गंवाने वालों में उप निरीक्षक बहादुर खान बाबर, सिपाही बाज खान, सिपाही मोहम्मद अफजल और एफसी कैप्टन सईद हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी घटनाओं से गुस्साए शहीद सुरक्षाकर्मियों के रिश्तेदारों ने दानासर इलाके में हुकूमत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हाइवे को अवरुद्ध कर दिया। अधिकारियों के समझाने के दो घंटे बाद वह सड़क से उठकर चले गए।

## इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप, झटकों की चेतावनी जारी



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूभौतिकी एजेंसी ने कहा है कि सुनामी की कोई संभावना नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन पर 33 किलोमीटर (20.51 मील) की गहराई पर था। भूकंप की वजह से किसी के हताहत होने या कोई गंभीर नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 5.4 तीव्रता का भूकंप पापुआ प्रांत की राजधानी जयापुरा के एक उपजिला अबेपुरा से 135 किलोमीटर (83 मील) दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। यह 13 किलोमीटर (8 मील) की गहराई पर हुआ। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है लेकिन संभावित झटकों की चेतावनी जारी की गई है। इसने भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 मापी। एजेंसी ने कहा है कि भूकंपों के शुरुआती मापों में बदलाव आम बात है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। 270 मिलियन लोगों वाले इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सुनामी की घटनाएं देखने को मिल जाती हैं।

## नेपाल के कोशी प्रांत में बहुमत की सरकार बनाने के आह्वान के बाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार सक्रिय

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में नई सरकार के गठन का आह्वान किया गया है। प्रांतीय प्रमुख परशुराम खापुंग ने सरकार गठन का आह्वान किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने नोटिस जारी कर पांच दिन के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश करने को कहा है। सीपीएन (यूएमएल) के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद, कोशी प्रांत में नया राजनीतिक घटनाक्रम विकसित हुआ है। मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के बीच नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी सेंटर) के नेता सक्रिय हो गए हैं।

नेपाली कांग्रेस ने उद्धव थापा को मुख्यमंत्री बनाने की पहल करने का फैसला किया है। माओवादी के इंद्र बहादुर आंग्वो भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। कोशी प्रांत में 6 सांसदों वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने भी मुख्यमंत्री पद का दावा किया है। आरपीपी के भक्ति प्रसाद सिटौला ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सर्वदलीय सरकार की भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। सीपीएन (यूएमएल) ने यह रुख अपनाया है कि अगर उसे सर्वदलीय सरकार चलानी है तो पहले उसका दावा होना चाहिए। निवर्तमान मुख्यमंत्री हिकमत कार्की ने शर्त रखी है कि अगर गठबंधन सरकार बनानी है तो पहले उनकी पार्टी की बारी होनी चाहिए। नेपाल के कोशी क्षेत्र में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है । कोशी प्रांत में स्पीकर समेत 93 सांसद हैं। यूएमएल के पास 40 सांसद हैं, नेपाली कांग्रेस के 29, माओवादी सेंटर के 13, आरपीपी के 6, सीपीएन (एस) के 4 और जनता समाजवादी पार्टी (एस) के पास 1 सांसद है।



नेपाल सरकार
प्रदेश प्रमुखको कार्यालय
कोशी प्रदेश
विराटनगर
फोन नं. : ०२१-४२२०२५
०२१-४२२८४७

विज्ञप्ति

कोशी प्रदेशका माननीय प्रदेश प्रमुख परशुराम खापुङ्ग्यूबाट नेपालको संविधानको धारा १६८ को उपधारा (२) बमोजिम मिति २०७९/९/२४ गते नियुक्त माननीय मुख्यमन्त्री हिक्मत कुमार कार्कीज्यूले नेपालको संविधानको धारा १८८ को उपधारा (२) बमोजिम मिति २०८०/३/१४ मा कोशी प्रदेश सभामा विश्वासको मतको लागि राखुभएको प्रस्ताव सोही धाराको उपधारा (३) बमोजिम मिति २०८०/३/१५ मा पारित हुन नसकी वर्तमान मुख्यमन्त्री पदमुक्त हुनुभएको अवस्था छ ।

नयाँ प्रदेश सरकार गठन गर्नका लागि नेपालको संविधानको धारा १६८ को उपधारा (२) बमोजिम वा उपधारा (३) बमोजिम मध्ये कुन उपधाराको आधारमा मुख्यमन्त्री नियुक्ति गरी सरकार गठन गर्नको लागि राजनीतिक दलहरूलाई दाबी पेस गर्न आह्वान गर्नुपर्ने हो भनी माननीय प्रदेश प्रमुखज्यूबाट नेपालको महान्यायाधिवक्तासँग कानूनी राय माग गरेको विषयमा महान्यायाधिवक्ताज्यूबाट मिति २०८०/३/१७ मा प्राप्त रायसमेतको आधारमा माननीय प्रदेश प्रमुख परशुराम खापुङ्ग्यूले नेपालको संविधानको धारा १६८ को उपधारा (२) बमोजिम कोशी प्रदेश सभामा कुनै पनि दलको स्पष्ट बहुमत नरहेको अवस्थामा कोशी प्रदेश सभामा प्रतिनिधित्व गर्ने दुई वा दुईभन्दा बढी दलहरूको समर्थनमा बहुमत प्राप्त गर्न सक्ने कोशी प्रदेश सभाको सदस्यलाई मिति २०८०/३/२१ गते बिहीबार अपरान्ह ५:०० बजेभित्र कोशी प्रदेश सरकारको मुख्यमन्त्री नियुक्ति गरी निजको अध्यक्षतामा प्रदेश मन्त्रिपरिषद् गठन गर्ने प्रयोजनका लागि आफ्नो दाबी पेस गर्न आह्वान गर्नुभएको छ ।

२०८० साल असार १७ गते आइतबार ।

नरेन्द्र कुमार श्रेष्ठ
प्रवक्ता
प्रवक्ता

e-mail: opcpn1@gmail.com, website: oph.p1.gov.np

ऐसे में जिसके पास केवल एक सांसद है, एक निर्णायक शक्ति बन गई है। इसी के चलते सभी पार्टियों ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोका है।

## धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

**काठमांडू।** अमेरिका में 50 वर्षीय भारतीय मूल के पूर्व वकील और प्रतिनिधि सभा के पूर्व उम्मीदवार को भारतीय मूल की कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। व्यक्ति ने करीबन पांच मिलियन डॉलर की ठगी की और अपने ग्राहकों के पैसों को निजी कामों में लगाकर खर्ज कर दिया।

उत्तरी एंडोवर के अभिजीत दास उर्फ बीज को पिछले हफ्ते बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी द्वारा 20 जून को वायर धोखाधड़ी के दस मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ अपने ग्राहकों के खातों से अन्य खातों में धनराशि स्थानांतरित करने और उपयोग करने का आरोप लगा है।

अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल के पूर्व उम्मीदवार दास को जून 2021 में संघीय चुनाव अभियान अधिनियम का उल्लंघन करने और झूठा बयान जारी करने के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया था। दास ने एस्क्रो फंड में पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की रकम अपने ग्राहकों के खातों से अन्य खातों में



स्थानांतरित कर दी। उनपर ग्राहकों के रुपये को निजी खर्ज में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया। उन्होंने इन रुपयों का अपने लॉ फार्म, होटल के लिए नौका (याच) और बोका रैटन (फ्लोरिडा) घर के लिए 2.7 मिलियन अमरीकी डालर का इस्तेमाल किया। दास अपनने ग्राहकों को जाली खाता प्रदान किया। उने खिलाफ दस वायर धोखाधड़ी में से नौ में शामिल होने का आरोप है। उनके ऊपर पहले से अभियान वित्त उल्लंघन, अभियान निधि के गबन और संघीय चुनाव आयोग के सामने गलत बयान देने का आरोप लगा है।

एक बयान में कहा गया है कि वायर धोखाधड़ी के प्रत्येक आरोप में 20 साल तक जेल की सजा दी जाती है, जिसमें तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना के तौर पर शामिल है।

# आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान को आईएमएफ का सहारा मिला है। बता दें कि अगले नौ महीनों में पाकिस्तान को आईएमएफ से तीन बिलियन डॉलर का लोन मिलेगा। यह नया लोन मिलने के बाद पाकिस्तान, आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा। अभी पाकिस्तान आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार है लेकिन तीन बिलियन डॉलर का नया कर्ज मिलने के बाद पाकिस्तान चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा।

**अर्जेंटीना सबसे बड़ा कर्जदार**

साल 1947 में अपने बनने के बाद से अब तक पाकिस्तान अपने सबसे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा




है। वॉशिंगटन स्थित कर्जदाता संस्थान आईएमएफ का सबसे बड़ा कर्जदार देश अर्जेंटीना है, जिस पर आईएमएफ का करीब 46 बिलियन डॉलर का कर्ज है। इसके बाद दूसरे नंबर पर है इजिप्ट का नाम, जिस पर आईएमएफ का 18 बिलियन डॉलर का कर्ज है। तीसरे स्थान पर है यूक्रेन, जिस पर आईएमएफ का 12.2 बिलियन डॉलर कर्ज है। फिलहाल इक्वाडोर चौथे स्थान पर है। इक्वाडोर पर आईएमएफ का 8.2 अरब अमेरिकी डॉलर कर्ज है।

**पाकिस्तान पर 10 बिलियन डॉलर का होगा कर्ज**

पाकिस्तान पर अभी आईएमएफ का 7.4 बिलियन डॉलर कर्ज है लेकिन नया तीन बिलियन डॉलर का कर्ज मिलने के बाद पाकिस्तान पर आईएमएफ का कुल कर्ज बढ़कर 10.4 बिलियन डॉलर हो जाएगा। इसके साथ ही पाकिस्तान इक्वाडोर को पछाड़कर आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार हो जाएगा। भुगतान संकट से गुजर रहे पाकिस्तान को बीते साल आई विनाशकारी बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया और रही-सही कसर यूक्रेन युद्ध ने पूरी कर दी, जिसकी वजह से पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ गई। आईएमएफ ने दुनिया के 93 देशों को कर्ज दिया हुआ है और इसके शीर्ष दस कर्जदारों ने 71 प्रतिशत कर्ज लिया हुआ है। इन 10 देशों पर आईएमएफ का 155 बिलियन डॉलर का कर्ज है। श्रीलंका, नेपाल, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, अर्मेनिया और मंगोलिया भी आईएमएफ के कर्जदार हैं लेकिन इन पाकिस्तान के मुकाबले काफी कम कर्ज है।

# खालिस्तान के धमकी भरे पोस्टर पर जयशंकर की चेतावनी, कहा- किसी ने दिया पनाह तो रिश्तों पर पड़ेगा असर

**टोरंटो** खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा में भारतीय राजनयिकों को धमकी दी है। इसका एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आठ जुलाई को खालिस्तानी रैली निकालने की भी बात कही जा रही है। खतरे को देखते हुए भारत ने चेतावनी दी है कि अगर कोई देश खालिस्तानियों को जगह देगा तो उसका असर सीधा हमारे रिश्तों पर पड़ेगा।

**खालिस्तानियों को जगह न दें**

पोस्टर में शामिल भारतीय और आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को 'शहीद' बताया गया






है। वहीं दो भारतीय राजनयिकों को 'हत्यारा' करार दिया गया है। पोस्टर में ओटावा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और टोरंटो में महावाणिज्य दूतावास अपूर्वा श्रीवास्तव को धमकी दी गई है। साथ ही 8 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे एक रैली की बात कही जा रही है। इसे 'खालिस्तान फ्रीडम रैली' कहा जा रहा है। पोस्टर के मुताबिक, ग्रेट पंजाब बिजनेस सेंटर से शुरू होकर भारतीय दूतावास तक जाएगी। पोस्टर में सबसे नीचे दो मोबाइल नंबर भी लिखे हुए हैं।

**पिछले महीने आतंकी निज्जर को मार गिराया था**

बता दें, खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुखिया हरदीप सिंह निज्जर की पिछले महीने 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरी शहर में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह भारत के खिलाफ गतिविधियों और हिंसा में शामिल था। भारत सरकार ने निज्जर पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

**टेरी माइलवस्की ने शेयर किया पोस्टर**

पोस्टर को वरिष्ठ पत्रकार टेरी माइलवस्की ने भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि यह बेहद खतरनाक है। खालिस्तानी भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं, जिन्हें वह हरदीप निज्जर का 'हत्यारा' बता रहे हैं, जिसे 18 जून को गोली मार दी गई थी। इसमें भारत की किसी तरह की भूमिका का कोई सबूत नहीं है। घोर गैरजिम्मेदाराना।

**राजनयिकों की सुरक्षा के इंतजाम**

एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी ने कहा कि भारतीय राजनयिकों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर ग्लोबल अफेयर्स कनाडा, देश के विदेश मंत्रालय, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को काम सौंपा गया है। साथ ही ओटावा और टोरंटो पुलिस विभागों को अनौपचारिक रूप से सूचित किया गया है।

# विपक्ष एक साल में लाया 716 ड्राफ्ट बिल, एक पर भी नहीं हुई चर्चा! रबर स्टाम्प बनी तुर्किए की संसद

**मास्को।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन को सत्ता पर काबिज हुए 20 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है और इस दौरान एर्दोआन ने सत्ता पर इस कदर नियंत्रण कर लिया है कि तुर्किए की संसद अब महज एक रबर स्टाम्प बनकर रह गई है। एक समय तुर्किए से मध्य पूर्व और अरब देशों के लिए रोल मॉडल बनने की उम्मीद की जाती थी लेकिन यह सफर ज्यादा लंबा नहीं चल सका। 16 जुलाई 2016 में एर्दोआन के खिलाफ बगावत हुई। हालांकि यह बगावत असफल रही लेकिन इसने एर्दोआन को वो मौका दे दिया, जिसकी तलाश में वह लंबे समय से थे। दरअसल




बगावत के बाद रजब तैय्यब एर्दोआन ने सत्ता में कई बदलाव किए, जिससे एर्दोआन ने तुर्किए के संविधान की उस ताकत को खत्म कर दिया, जिससे सरकार पर नियंत्रण किया जाता था। साथ ही एर्दोआन ने बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों, जजों, शिक्षा जगत के लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों और सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। अब रजब तैय्यब एर्दोआन का देश की न्यायपालिका की नियुक्तियों और पूरी व्यवस्था पर पूरा नियंत्रण है।

नॉर्डिक रिसर्च मॉनिटरिंग नेटवर्क चलाने वाले अब्दुल्लाह बोजकुर्त ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि अक्टूबर 2021 से लेकर सितंबर 2022 तक विपक्ष ने 716 ड्राफ्ट बिल तुर्किए की संसद में पेश किए लेकिन उनमें से एक पर भी चर्चा नहीं हुई। यह अपने आप में वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वहीं सत्ताधारी पार्टी एकेपी और इसकी सहयोगी एमएचपी ने इस समयअवधि में 80 ड्राफ्ट बिल पेश किए और वह सभी मंजूर कर लिए गए और अंत में कानून बन गए। यह दिखाता है कि तुर्किए में विपक्ष महज बहस करने तक सीमित रह गया है और उससे कानून बनाने की ताकत छीन ली गई है। एक और चिंताजनक तथ्य ये है कि कई संसदीय समितियों की एक बैठक तक नहीं हुई है और कई समितियों की सिर्फ एक या दो बैठकें ही हुई हैं। लोकतांत्रिक देशों में संसद का काम सरकार के काम की निगरानी करना होता है। इसमें सवाल पूछने की आजादी होती है, जिससे जवाबदेही, पारदर्शिता और बेहतर प्रशासन सुनिश्चित होता है लेकिन तुर्किए की संसद में सवाल पूछने के अधिकार को ही लगभग खत्म कर दिया गया है और जो सवाल पूछे भी जाते हैं, उनमें से अधिकतर के जवाब नहीं दिए जाते। एक रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किए की सरकार से मौखिक तौर पर 15,664 सवाल पूछे गए लेकिन इनमें से महज 1298 सवालों के ही जवाब दिए गए। न्याय मंत्रालय से 2145 सवाल पूछे गए और उनमें से महज तीन के ही जवाब दिए गए। वहीं आंतरिक मंत्रालय से 1597 सवाल पूछे गए और इनमें से सिर्फ छह के जवाब मिले।

## महिलाओं के लिए नरक बना चीन: घरेलू हिंसा के डरावने मामले आए सामने

**टोरंटो** चीन में महिला अधिकारों, समानता और न्याय के दावे की पोल खुल गई है। लगातार घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे है। आए दिन कोई न कोई खौफनाक केस लोगों के सामने आ ही जाता है। इन सबको देखते हुए चीन के युवा सोशल मीडिया पर शादी करने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। लड़कियों को सलाह दी जा रही है कि शादी और प्रसव से दूर रहकर खुद को सुरक्षित रखें। इतना ही नही, एक शख्स का कहना है कि चीन में अब हर कोई शादी करने से डरता है। गौरतलब है, हाल ही में चीन में रौंगटे खड़े कर देने वाले कई घरेलू हिंसा के मामले सामने आए हैं। इसमें दिनदहाड़े की गई हत्या भी शामिल है, जिसका वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही डरावने मामलों के बारे में- 26 जून को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसे जिसने भी देखा उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दरअसल, वीडियो में देखा जा सकता है कि व्यक्ति बार-बार एक महिला के ऊपर कार चढ़ा रहा है। इतना ही नहीं शख्स ने हद तो पार तब कर दी, जब वह कार से उतरा। उसने महिला पर कई बार कार चढ़ाने के बाद यह जानने के लिए कार से उतरा कि कहीं वह जिंदा तो नहीं रह गई।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।